Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 108 | रविवार, 20 अप्रैल -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## देश के सारे दुश्मन कांपेंगे

# भारत-फ्रांस 28 अप्रैल को साइन करेंगे 26 राफेल-मरीन जेट डील

नई दिल्ली।

भारत और फ्रांस 28 अप्रैल को भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए सबसे बड़े रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। इस मौके पर फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबास्टियन लेकोर्नू भी मौजूद रहेंगे। रक्षा सूत्रों ने एएनआइ को बताया कि इस 63,000 करोड़ रुपये से अधिक के सौदे पर हस्ताक्षर के लिए दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। सूत्रों ने यह भी बताया कि यह कार्यक्रम दक्षिण ब्लॉक में रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के बाहर आयोजित किया जाएगा।



फ्रांसीसी मंत्री के रविवार शाम भारत पहुंचने की उम्मीद है और सोमवार देर शाम वह वापस वतन लौटेंगे। भारत ने इसी महीने नौ तारीख को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा पर मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में फ्रांस के साथ 26 राफेल-मरीन लड़ाकू विमानों के लिए अपने सबसे बड़े रक्षा सौदे को मंजूरी दी थी। भारतीय वायु सेना के पास पहले से ही एक अलग सौदे के तहत 36 राफेल विमानों का बेड़ा है। भारतीय वायु सेना के राफेल विमान अपने दो ठिकानों अंबाला और हाशिनारा से उड़ान भरते हैं। 26 राफेल-मैरीन विमानों के सौदे से राफेल विमानों की संख्या 62 हो जाएगी।

## चार दिवसीय भारत दौरे पर कल आएंगे वेंस



नई दिल्ली।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को अपने परिवार के साथ चार दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे। उसी दिन शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वेंस और उनके परिवार के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। इससे पहले, वेंस अपने परिवार के साथ अक्षरधाम मंदिर जाएंगे। इसके अलावा, वह आगरा और जयपुर की यात्रा भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार शाम को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, भारतीय मूल की द्वितीय महिला उषा वेंस और उनके परिवार के सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी और वेंस के बीच एक अहम बैठक होगी, जिसमें व्यापार, टैरिफ और कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत होगी। यह जानकारी शनिवार को मामले से परिचित लोगों ने दी।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को चार दिवसीय भारत यात्रा पर आएंगे।

## आवेश की घातक गेंदबाजी से पलटा पासा, जीत की पटरी पर लौटी लखनऊ




नई दिल्ली।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने एडेन मार्करम और आयुष बडोनी की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 180 रन बनाए, लेकिन जवाब में राजस्थान निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी। मौजूदा सत्र में यह लखनऊ की पांचवीं जीत है। आवेश खान की घातक गेंदबाजी की दम पर लखनऊ सुपर जाएंट्स ने राजस्थान रॉयल्स को दो रन से हरा दिया। शनिवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने एडेन मार्करम और आयुष बडोनी की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 180 रन बनाए, लेकिन जवाब में राजस्थान निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी। मौजूदा सत्र में यह लखनऊ की पांचवीं जीत है। अब टीम 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गई है।

## जेएनयू छात्र संघ चुनाव पर रोक से संगठनों के बीच बढ़ गया टकराव




नई दिल्ली।

दोनों एक दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वहीं जेएनयू प्रशासन ने चुनाव समिति को पर्याप्त सुरक्षा न मुहैया कराने संबंधी आरोप को सिरे से खारिज कर दिया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव पर लगी रोक को लेकर एबीवीपी और लेफ्ट पैनल आमने-सामने है। दोनों एक दूसरे को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। वहीं जेएनयू प्रशासन ने चुनाव समिति को पर्याप्त सुरक्षा न मुहैया कराने संबंधी आरोप को सिरे से खारिज कर दिया।

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि चुनाव समिति निष्पक्षता छोड़कर लेफ्ट संगठनों की टीम बी के रूप में काम कर रही है। चुनाव के नामांकन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल निर्धारित थी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 16 अप्रैल थी। मगर, लेफ्ट संगठनों के दबाव में समिति ने नाम वापसी की तिथि अलोकतांत्रिक रूप से 17 अप्रैल तक बढ़ा दी। यह सब आइसा और स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बीच गठबंधन न होने को लेकर किया गया। चुनाव समिति कार्यालय पर हुई तोड़फोड़ और सदस्यों के साथ हुई हिंसा को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) और डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन (डीएसएफ) की ओर से भी प्रेस वार्ता की गई।

### लेफ्ट संगठनों के इशारे पर चल रही चुनाव समिति

जेएनयू गेट पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एबीवीपी जेएनयू के इकाई अध्यक्ष राजेश्वर कांत दुबे ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया में लगातार धांधली और मनमानी हो रही है। लेफ्ट संगठनों के इशारे पर चुनाव समिति द्वारा बार-बार चुनावी नियमों को तोड़ना छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला अपमान है। एबीवीपी इस षड्यंत्रकारी रवैये की कड़ी निंदा करती है।

## मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद फैले तनाव के बीच सीएम ममता ने की शांति की अपील

नई दिल्ली।



ममता बनर्जी ने भाजपा-आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि वे दंगे भड़काना चाहते हैं, और दंगे सभी को प्रभावित कर सकते हैं।

हम सभी से प्यार करते हैं। हम एक साथ रहना चाहते हैं। हम दंगों की निंदा करते हैं। हम दंगों के खिलाफ हैं। मुर्शिदाबाद में हिंसा के बाद पश्चिम बंगाल में फैले तनाव के बीच सूबे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में शांति की अपील की है। उन्होंने विपक्षी भाजपा समेत अन्य दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा और उसके सहयोगी अचानक बहुत आक्रामक हो गए हैं। इन सहयोगियों में आरएसएस भी शामिल है। ये ताकतें उकसावे पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पृष्ठभूमि का इस्तेमाल कर रही हैं। वे इस पृष्ठभूमि का इस्तेमाल विभाजनकारी राजनीति करने के लिए कर रहे हैं। ऐसे में मेरी अपील है कि कृपया शांत रहें। उन्होंने कहा कि हम सांप्रदायिक दंगों की निंदा करते हैं और उन्हें रोकना चाहिए। दंगों के पीछे के अपराधियों से सख्ती से निपटा जा रहा है। लेकिन, साथ ही, हमें आपसी अविश्वास और अविश्वास से बचना चाहिए। बहुसंख्यक और अल्पसंख्यक समुदायों को एक साथ काम करना चाहिए और एक-दूसरे का ख्याल रखना चाहिए। ममता बनर्जी ने कहा कि वे दंगे भड़काना चाहते हैं, और दंगे सभी को प्रभावित कर सकते हैं। हम सभी से प्यार करते हैं। हम एक साथ रहना चाहते हैं। हम दंगों की निंदा करते हैं। हम दंगों के खिलाफ हैं। वे हमें कुछ संकीर्ण चुनावी राजनीति के लिए विभाजित करना चाहते हैं। कानून और व्यवस्था बनाए रखने और मानव जीवन और सम्मान को बचाने के लिए, हमने कड़ी कार्रवाई की है।

## ओडिशा में रेलवे लाइन के निर्माण को लेकर पुलिस और बस्तीवासियों में झड़प

राउरकेला।

बंडामुंडा के डूमेरता से राउरकेला इस्पात संयंत्र तक रेलवे लाइन के निर्माण को लेकर बस्ती के लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। बस्तीवासियों द्वारा किए गए पथराव में अतिरिक्त तहसीलदार पुरुषोत्तम नायक सहित छह पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए।



इस दौरान जेसीबी की चपेट में आने से बरकानी निवासी 37 वर्षीय एतो एक्का की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव बना है, जिसको लेकर तनावग्रस्त क्षेत्र में भारी पुलिस बल की तैनात की गई है। डूमेरता-राउरकेला स्टील प्लांट रेलवे लाइन के निर्माण कार्य शुरू किया गया है।

## निशिकांत के न्यायपालिका पर दिए बयान से बीजेपी का किनारा

# नड्डा बोले- पार्टी ने हमेशा अदालतों का सम्मान किया

नई दिल्ली।

निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा द्वारा सुप्रीम कोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की तीखी आलोचना से भारतीय जनता पार्टी ने खुद को अलग कर लिया है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा की टिप्पणियां उनके निजी विचार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा न तो उनसे सहमत है और न ही कभी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन करती है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका पर दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में गर्माहट बढ़ गई है। विपक्षी कांग्रेस और अन्य दलों की व्यापक तौर पर आलोचनाओं के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने उनके बयान से किनारा कर लिया है।



पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ऐसे किसी बयान का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों सांसदों को ऐसा कोई भी बयान न देने का निर्देश दिया है। ये उनका निजी बयान है, पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा सुप्रीम कोर्ट का सम्मान किया है। नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा का सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा की न्यायपालिका और मुख्य न्यायाधीश पर की गई टिप्पणियों से कोई लेना-देना नहीं है। यह उनकी निजी टिप्पणियां हैं, लेकिन भाजपा न तो उनसे सहमत है और न ही कभी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन करती है। भाजपा उन्हें पूरी तरह से खारिज करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा न्यायपालिका का सम्मान किया है और उसके सुझावों और आदेशों को सहर्ष स्वीकार किया है, क्योंकि पार्टी के तौर पर उसका मानना है कि शीर्ष अदालत समेत सभी अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। नड्डा ने यह भी कहा कि उन्होंने दोनों नेताओं और अन्य लोगों को ऐसी टिप्पणियां न करने का निर्देश दिया है।

- भारतीय जनता पार्टी ने उनके बयान से किनारा कर लिया है
- बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में गर्माहट बढ़ गई है

## बस चार चीजों को फॉलो कर अमित शाह ने दवाओं से पाई मुक्ति




नई दिल्ली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिवर को शरीर को स्वस्थ रखने का गेटवे बताते हुए खान-पान पर विशेष ध्यान रखने पर जोर दिया।

युवाओं से अपील की कि शरीर को फिट रखने के लिए दो घंटा व्यायाम करें। छह घंटे की भरपूर नींद लें। उन्होंने डायबिटीज की बीमारी नियंत्रित होने का अपना उदाहरण दिया। बताया कि मई 2020 से दिनचर्या और खानपान का ध्यान रख रहे हैं। साफ पानी, संतुलित आहार, छह घंटे की नींद लेते हैं। रोजाना दो घंटे व्यायाम करना नहीं भूलते। इसका परिणाम रहा कि साढ़े चार साल में एलोपैथ की सभी दवाएं और इंसुलिन अब बंद हो चुकी हैं। इससे न केवल काम करने बल्कि सोचने, निर्णय लेने और समाज में योगदान की क्षमता भी बढ़ी है। गृह मंत्री शाह शनिवार को विश्व लिवर दिवस पर आईएलबीएस में आयोजित 'स्वस्थ लिवर-स्वस्थ भारत' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सामने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है, जो हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो और हर क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व करता हो। मगर विकसित भारत की संकल्पना बीमारों की फौज के साथ नहीं की जा सकती।

## संपादक की कलम से

# वक्फ कानून तो लागू है


ललित शर्मा
संपादक

बेशक सर्वोच्च अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 के कुछ प्रावधानों पर अंतरिम आदेश जारी किया है, लेकिन कानून पर पूरी तरह रोक नहीं लगाई है। अंतरिम आदेश भी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के जरिए, केंद्र सरकार की अंडरटेकिंग के बाद ही, जारी किया गया है। केंद्र की सहमति रही कि अगले आदेश तक वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में कोई नई नियुक्ति नहीं की जाएगी। यदि राज्य बोर्ड में ऐसी नियुक्ति की जाती है, तो उसे शून्य, अमान्य समझा जाए। वक्फ बाय यूजर की संपत्तियों, पंजीकृत, राजपत्रित या गैर-पंजीकृत, को डी-नोटिफाई नहीं किया जाएगा। बताया जाता है कि वक्फ बाय यूजर की 4 लाख से अधिक संपत्तियां हैं। जांच या सर्वे के बाद कलेक्टर वक्फ संपत्ति पर कोई आदेश जारी नहीं करेंगे। इन प्रावधानों पर सॉलिसिटर जनरल ने सर्वोच्च अदालत की न्यायिक पीठ को आश्वस्त किया है कि यथास्थिति बनी रहेगी। केंद्र 7 दिनों की स्वीकृत अवधि के दौरान अपने साक्ष्यों, दस्तावेजों और दलीलों के साथ जवाब सर्वोच्च अदालत में दाखिल करेगा। वैसे न्यायिक पीठ ने सुनवाई की अगली तारीख 5 मई तय की है, लिहाजा तब तक यथास्थिति बनी रहनी चाहिए। यहां गौरतलब यह है कि 13 मई को प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जस्टिस भूषण गवई अगले प्रधान न्यायाधीश होंगे। जाहिर है कि नए सिरे से न्यायिक पीठ का गठन होगा। नए सिरे से मामले की सुनवाई होगी। सवाल है कि क्या यह मामला शीर्ष अदालत में लंबा खिंचेगा अथवा कुछ लटक कर रह सकता है। जस्टिस खन्ना ने इस मामले को अपवाद के तौर पर ग्रहण किया। वह नहीं चाहते थे कि व्यापक स्तर पर कानूनी सुधार करने से पक्षकारों के मौलिक अधिकार प्रभावित हों, लिहाजा अंतरिम आदेश भी जारी किया गया। बहरहाल वक्फ कानून के कुछ प्रावधानों पर यथास्थिति का अंतरिम आदेश दिया गया है। परोक्ष भाव से उन प्रावधानों पर रोक लगाई गई है, लेकिन संशोधित कानून के लगभग 40 अन्य प्रावधान हैं, जिन पर न तो यथास्थिति का आदेश है और न ही रोक लगाई गई है। अर्थात नया कानून अक्षरशः लागू है। ऐसे बयान ओवैसी जैसे याचिकाकताओं ने दिए हैं। सरकार उन प्रावधानों के तहत कार्रवाई कर सकती है। मुसलमान होने या इस्लाम के 5 साल के अभ्यास वाले प्रावधान को भी न्यायिक पीठ ने छुआ तक नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा है कि यह विशेष स्थिति है। हमने कुछ कमियों की ओर इशारा किया है। कुछ सकारात्मक चीजें भी हैं, लेकिन हम नहीं चाहते कि इतना बड़ा बदलाव किया जाए कि पक्षकारों के अधिकार प्रभावित हों। इस्लाम के 5 साल अभ्यास वाला प्रावधान भी है, लेकिन हम उस पर रोक नहीं लगा रहे। न्यायिक पीठ ने लिमिटेशन एक्ट वाले प्रावधान को भी नहीं छुआ और न ही उस पर कोई आदेश दिया। ओवैसी का मानना है कि हमें उसका नुकसान होगा, क्योंकि इससे वक्फ संपत्तियों पर कब्जेबाजों को फायदा होगा। बहरहाल यह फिलहाल अंतिम आदेश नहीं है। अभी लंबी कानूनी लड़ाई चलेगी। अंतरिम आदेश पर ही जो नेता और पार्टी प्रवक्ता बड़ी जीत, मोदी को आईना, मोदी सरकार को बहुत बड़ा धक्का और मुंह की खानी पड़ी सरीखी टिप्पणियां कर फुलफुला रहे हैं, क्या ये अदालत की अवमानना नहीं है? अदालत ने सिर्फ वक्फ के नए कानून पर ही आदेश जारी नहीं किए हैं, बल्कि 1995 और 2013 के वक्फ कानूनों के कई प्रावधानों पर भी नोटिस भेजे हैं।

# रामजी लाल सुमन के बिगड़ैल बयानों से योगी और अखिलेश दोनों की सियासी मुश्किलें बढ़ेंगी !



वहीं अखिलेश यादव को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि जब यूपी में दलित नेत्री मायावती उनकी पार्टी के लिए मजबूत चुनौती बनी हुईं थीं और मुस्लिम वोटर भी बसपा-सपा में लगभग आधा-आधा बंट गए थे तब भी राजपूत समाज उनका मजबूत वोट बैंक रहा था। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद और दलित नेता रामजी लाल सुमन ने मेवाड़ के प्रतापी राजपूत शासक राणा सांगा को गद्दार बताते हुए जो विवादस्पद बयान दिया है, और क्षत्रियों की अखिल भारतीय ह्यकरणी सेनाह्न ने जिस तरह से उसे जातीय नायकों के अपमान का विषय ठहराते हुए सुमन के घर पर धावा बोल दिया था, उस पर जारी प्रशासनिक और सियासी खानापूर्ति से यदि भारत गृहयुद्ध की आग में झुलस जाए तो किसी को हैरत नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह सबकुछ पहले अमेरिकी-पाकिस्तानी एजेंडे और अब चीनी-बंगलादेशी एजेंडे के अनुरूप हो रहा है, जिसे भारत के कथित सेक्यूलर दलों के पृष्ठपोषक अरब देशों का समर्थन प्राप्त है। समझा जाता है कि जब-जब भारत अपनी सही रणनीति के बल पर विकास की गति को प्राप्त करता है, तब-तब हमारे विघ्न संतोषी कुछ राजनेता विदेशी ताकतों की शह पर यहाँ जातीय और सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने की कोशिश करते रहे हैं। यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि यहाँ की सियासी बयानबाजियां और उससे जुड़े साक्ष्य इस बात की चुगली करते हैं। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि आखिर वोट बैंक की कुत्सित राजनीति में निर्लज्ज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरूपयोग करके कबतक शांतिप्रिय भारतीय समाज को झुलसाया जाता रहेगो क्योंकि कभी बादशाहों के इशारे पर, कभी ब्रिटिश नौकरशाहों के तिकड़म पर और आज भारत के अपने ही राजनेताओं की शर्मनाक शतरंजी चालों पर एक समाज को दूसरे समाज से भिड़ाया जाता है और अपना-अपना राजनीतिक उल्लू सीधा किया जाता है। बता दें कि भारत में वामपंथियों की राजनीति वर्गवादी झड़प के हालात पैदा करके, समाजवादियों की राजनीति जातिवादी संघर्ष के हालात पैदा करके और कांग्रेसियों-राष्ट्रवादियों की राजनीति सांप्रदायिक दंगे के हालत पैदा करके खूब फली-फूली! लेकिन विकास के पैमाने पर भारत अपने पड़ोसी देश चीन से 1987 में आगे बढ़कर भी बाद के वर्षों में निरंतर पिछड़ता चला गया। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन जैसे राजनेता एक बार फिर से विवादित बयान देकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। ऐसे विषैले नेताओं के खिलाफ स्पष्ट कार्रवाई नहीं होने से प्रशासनिक सुचिता और न्यायिक दूरदर्शिता भी अब सवालों के घेरे में है! आप मानें या न मानें, लेकिन मौजूदा विवाद की राजनीतिक कीमत सपा नेता अखिलेश यादव के मुकाबले भाजपा नेता और उत्तरप्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कुछ अधिक अदा करनी पड़ेगी, क्योंकि वह अभी सत्ता में हैं। जिस तरह से आगरा में उनकी मौजूदगी को लेकर अखिलेश यादव ने निशाना साधा है, वह राजपूतों के खिलाफ अन्य समाज को भड़काने की गहरी साजिश है, जिसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सतर्क हो जाना चाहिए और करनी सेना की गैरकानूनी हरकतों पर यूपी में अविलंब रोक लगानी चाहिए। वहीं भाजपा को भी इस मसले को जरूरत से ज्यादा तूल देने से बचना चाहिए। क्योंकि यह सारी सुनियोजित बयानबाजी मुस्लिम शासकों के कुकृत्यों से दलित और ओबीसी हिन्दुओं का ध्यान भटकाने के लिए की जा रही है, जिसे उसे समझना होगा और इसकी मजबूत रणनीतिक काट निकालनी होगी। यदि भाजपा और योगी इस मामले को ज्यादा तूल देते हैं तो लोकसभा चुनाव 2024 की तरह अखिलेश के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक गठजोड़ को मजबूती मिलेगी, वहीं भाजपा के डीपीए यानी दलित, पिछड़ा, अगड़ा गठजोड़ को भी सियासी धक्का लगेगा।

वहीं अखिलेश यादव को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि जब यूपी में दलित नेत्री मायावती उनकी पार्टी के लिए मजबूत चुनौती बनी हुईं थीं और मुस्लिम वोटर भी बसपा-सपा में लगभग आधा-आधा बंट गए थे तब भी राजपूत समाज उनका मजबूत वोट बैंक रहा था। उन्हें पता होना चाहिए कि यह पूरी राजपूत जाति पहले कांग्रेसियों और फिर समाजवादियों की मजबूत वोट बैंक रही है। यह बात दीगर है कि अब केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबल नेतृत्व के चलते राजपूत मतदाता भी राष्ट्रवादी मिजाज के हो चले हैं। इसलिए पूरी राजपूत जाति को सपा का विरोधी बना देना उनके लिए राजनीतिक नादानी साबित हो सकती है। इससे न केवल बसपा और कांग्रेस को सिर उठाने का मौका मिलेगा, बल्कि सवर्णों में भी उनका इमेज उनके पिता स्व. मुलायम सिंह यादव से ज्यादा खराब हो जाएगा। ऐसा इसलिए कि हाल में ही सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने बौद्ध मठों के अवशेषों पर मन्दिरों के बने होने और उसे मुद्दा बनाने के जो खतरनाक संकेत दिए हैं, उससे साफ है कि वे अरब देशों और चीनी एजेंडे को देश में लागू करके सवर्ण हिन्दुओं को दलित हिन्दुओं और ओबीसी हिन्दुओं से भिड़ाने की योजना बना रहे हैं, ताकि हिन्दूझ्रमुस्लिम दंगे की जगह जातीय दंगे शुरू हों और समाजवादियों के राजनीतिक आधार पर कोई आंच नहीं आए। भारतीय प्रशासन और न्यायपालिका को सिरफिरे नेताओं के इस खतरनाक इरादे से देश को बचाना होगा, अन्यथा महाभारत तय है। कहना न होगा कि ये वही विदेशी एजेंट लोग हैं जिन्होंने 1977 में इंदिरा गाँधी के नेतृत्व में मजबूत हो रहे भारत की गति पर ब्रेक लगवाई थी। तब मोरारजी देसाई पर अमेरिकी सीआईए एजेंट होने के आरोप लगे थे जो बाद में देश के प्रधानमंत्री तक बने। भले ही सरकार चलाने में विफल रहे और बदले गए। फिर इन्हीं जैसे नेता लोगों ने 1989 में राजीव गाँधी के नेतृत्व में मजबूत हो रहे भारत की गति पर ब्रेक लगवाई और अब 2029 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत हो रहे भारत की गति में ब्रेक लगवाने के लिए गृह युद्ध के हालात पैदा करने जैसी विषाक्त बयानबाजी कर रहे हैं।

ये जो करणी सेना के रणबांकुरे हैं वो हिंदुस्तान की सरहद पर चले जाओ और चीन से हमको बचाओ वरना दुनिया में तुमसे ज्यादा नकली कोई और हो नहीं सकता। वहीं सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने करनी सेना वालों को ललकारते हुए कहा कि श्ये लड़ाई हम लोगों की लड़ाई नहीं है, बल्कि ये लड़ाई लंबी है। ये लड़ाई उन लोगों से है जिन लोगों ने अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री न रहने पर मुख्यमंत्री आवास को गंगाजल से धुलवाया था। ये लड़ाई उन लोगों से है जिन्होंने राजस्थान की विधानसभा में दलित नेता प्रतिपक्ष के मंदिर में चले जाने से मंदिर को गंगाजल से धुलवाया था। सुमन जी ने कहा कि, श्हम कहते है कि हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है, वो मोहम्मद साहब को अपना आदर्श मानता है। हम कहना चाहते हैं कि जब–जब इस देश की इज्जत दांव पर लगी है, हिंदुस्तान के मुसलमान ने साबित किया है कि इस देश की मिट्टी से जितनी मोहब्बत हिन्दू को उतनी मोहब्बत मुसलमान को भी है। उन्होंने सवाल उठाया कि देश में वक्फ को लेकर कानून बनाया गया, जब किसी धर्म महजब की कमेटी बनती है तो उस कमेटी में उसी धर्म के लोग रहते हैं? वक्फ में तीन सनातनी रहेंगे, भाई क्यों रहेंगे और बौद्ध मठ का मामला चल रहा है? आपको बता दें कि इससे पहले सपा सांसद ने राज्यसभा में अपनी बात रखते हुए राणा सांगा को लेकर विवादित बयान दिया था। हालांकि उनके इस बयान को राज्यसभा की कार्रवाई से हटा दिया गया, लेकिन इसे लेकर करणी सेना में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा है। करणी सेना ने बीते शनिवार को राणा सांगा की जयंती पर आगरा में रक्त स्वाभिमान रैली भी की थी। इस दौरान भारी संख्या में लोग खुलेआम सड़कों पर तलवारें लहराते हुए दिखाई दिए थे। इससे साफ है कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने संसदीय सदन में ऐसा बयान दिया जिससे पूरे देश में संग्राम छिड़ गयो सपा सांसद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए, हंगामा और बबाल हुआ था। वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने करणी सेना के आगरा में प्रदर्शन और धमकी देने पर कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं। हम आगरा जाएंगे। हमें एनएसजी हटने का कोई मलाल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में कानून व्यवस्था जीरो है। उद्योगपति डरे हुए हैं।

## उदय किशोर साह

## बहारे फिर भी आयेगी

कविता



बादलों में छुप गये चाँद सितारे
गर्दिश में डूबा दिन के उजियारे
किसी की फितरत काम ना आयेगी
फिजां में बहारे फिर भी आयेगी

जुल्मों सितम की लगी है कतार
रूठा कुदरत को मनायेगें मेरे यार
किसी की जिद ना कुछ कर पायेगी
फिजां में बहारे फिर भी आयेगी

उल्फत में जीवन है हमारा सारा
जीने की नजाकत करता है इशारा
किसी की पक्ष में ना कोई आयेगी
फिजां में बहारे फिर भी अयेगी

मौसम दे रही हमको है इशारा
गम दूर हो जायेगा जीवन जो हारा
चमन में कलियाँ मुस्कुरायेगी
फिजां में बहारे फिर भी आयेगी

पर्वत के सर पे बदला है कारे कारे
बादल बरसायेगा बुंदे की फुहारे
धरती की प्यास बुझा तृप्त करायेगी
फिजां में बहारे फिर भी आयेगी

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के बाद अब ब्लॉकचेन वोटिंग सिस्टम की सुगबुगाहट


डॉ. राघवेन्द्र शर्मा

वैश्विक स्तर पर स्थापित सत्य है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। एक ऐसा देश जहां लगभग डेढ़ अरब लोग निवास करते हैं। जनसंख्या के लिहाज से यह इतना बड़ा आंकड़ा है कि भारत का एक-एक शहर अपने भीतर एक से अधिक राष्ट्र समाहित कर लेने की हद तक फैला हुआ है। फिर भी हमारे देश के नागरिक बेहद आधुनिक चुनाव पद्धति के माध्यम से ग्रामीण, शहरी, जनपदीय, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भली भांति हर प्रकार की सरकारों का गठन लोकतांत्रिक प्रणाली से कर रहे हैं। आज जब स्वयं को विकासशील और विकसित कहने वाले अनेक राष्ट्र मतपत्र आधारित चुनाव प्रणाली में ही उलझे हुए हैं, तब हमारा भारत देश अत्याधुनिक चुनाव प्रक्रिया का इस्तेमाल करते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तक का सफर तय कर चुका है। एक जमाना ऐसा था जब हमारे यहां भी मतपत्र प्रणाली पर आधारित चुनाव प्रक्रिया व्यवहार में लाई जाती थी। लेकिन इस देश ने और देश के चुनाव आयोग ने मतपत्र प्रणाली पर आधारित चुनाव प्रक्रिया अपनाते हुए अनेक प्रतिकूल, बेहद खतरनाक परिणाम भी देखे। कई दशकों तक येन केन प्रकारेण सत्ता पर काबिज बने रहने अथवा सत्ता पर काबिज होने के लिए मतदान प्रणाली की सात्विकता का हरण किया जाता रहा। जिसकी लाठी उसकी भैंस की तर्ज पर अनेक अवसरवादी, सत्ता लोलुप और नैतिकता से लगभग नाता तोड़ चुके घाघ राजनेता बूथ कैप्चरिंग करते रहे। नकली मत पेटियों से असली मत पेटियां बदली जाती रहीं। चुनावी टीम को एक प्रकार से अपहृत करते हुए मनपसंद उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह पर यंत्रवत ठप्पे लगाए जाते रहे। इस पाप पूर्ण कृत्य का विरोध करने पर जागरूक मतदाताओं, चुनाव कराने वाले कर्मचारियों, अधिकारियों, पत्रकारों को मौत के घाट उतारा जाता रहा। फल स्वरुप एक समय ऐसा भी आया जब गांव की पंचायत से लेकर देश की लोकसभा तक, विभिन्न सदनों में, बाहुबल के बल पर जीत कर आए, आपराधिक पृष्ठभूमि के जनप्रतिनिधियों की संख्या चिंताजनक रूप से बढ़ गई। जब देश के विभिन्न भागों में भिन्न-भिन्न चुनाव रक्त रंजित होने लगे, तब देश के प्रबुद्ध वर्ग को चिंता हुई?। यह विमर्श किए जाने लगे कि ऐसा क्या किया जाए, जिससे चुनाव में रक्तपात ना हो। निर्वाचित होकर भी वही लोग सदन में पहुंचे मतदाता जिन्हें स्वेच्छा से चुनना चाहते हों। तब देश के सामने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का विकल्प सामने आया। तमाम अध्ययनों के बाद, कोई खामी शेष न रह जाए यह सुनिश्चित करने के बाद, अपराधी किस्म के नेता बूथ कैप्चरिंग ना कर पाएं यह संतुष्टि करने के बाद, अंततः देश ने ईवीएम यानि कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन आधारित चुनाव प्रणाली को अपना लिया।

## वेलकम इंडिया

| | | |
|---|---|---|
| **चोघडिया दिन** | | |
| उद्वेग | 06:03 – 07:39 | अशुभ |
| चर | 07:39 – 09:15 | शुभ |
| लाभ | 09:15 – 10:50 | शुभ |
| अमृत | 10:50 – 12:26 | शुभ |
| काल | 12:26 – 14:02 | अशुभ |
| शुभ | 14:02 – 15:37 | शुभ |
| रोग | 15:37 – 17:13 | अशुभ |
| उद्वेग | 17:13 – 18:49 | अशुभ |
| **चोघडिया रात** | | |
| शुभ | 18:49 – 20:13 | शुभ |
| अमृत | 20:13 – 21:37 | शुभ |
| चर | 21:37 – 23:01 | शुभ |
| रोग | 23:01 – 24:26 | अशुभ |
| काल | 24:26 – 25:50 | अशुभ |
| लाभ | 25:50 – 27:14 | शुभ |
| उद्वेग | 27:14 – 28:38 | अशुभ |
| शुभ | 28:38 – 30:02 | शुभ |


पंडित विग्नेश झा

शुभ
अमृत
चर
रोग
काल
लाभ
उद्वेग
शुभ

# तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक-तंबाकू निषेध कानून का सख़्त क्रियान्वयन समय की मांग


गोंदिया

वैश्विक स्तरपर अनेक ऐसी बुराइयों या बुरी आदतें शौक या कार्यकलाप हैं, जिन्हें रोकने के लिए 195 से अधिक देशों की सदस्यता से बना संयुक्त राष्ट्र द्वारा इस आदत, वस्तु को रोकने अनेक कार्यक्रम व जनजागरण दिवस मनाया जाता हैं।परंतु मेरा मानना है कि अब समय आ गया है कि दुनियां के हर देश व हर राज्य द्वारा इससे संबंधित कानूनो में अब संशोधन करने का समय आ गया है।अब तंबाकू और उससे बनी वस्तुओं पर पूरी तरह से बैन और उल्लंघन करने वालों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की जाए। हालांकि भारत के अनेक राज्यों में तंबाकू व उससे बने पदार्थों पर बैन लगा हुआ है, परंतु उस पर सख़्ती की अत्यंत भारी कमी देखने को मिल रही है।इस संबंध में इस आर्टिकल को लिखने के पीछे मैं खुद एक हफ्ते से रिसर्च व ग्राउंड रिपोर्टिंग कर रहा थाजिसकी चर्चा हम नीचे के पैराग्राफ में करेंगे, तो मैंने पाया कि तंबाकू विक्रेताओं पर अति सुस्ती से कार्रवाई होती है, मार्केट में खुले आम तंबाकू बिकते दिखा अनेक गोदाम पैक रखे हुए, विक्रेता मलाई से लबालब शालीनता वाली जिंदगी मे मस्त दिखे। दूसरी और अभी कुछ दिन पहले हमारी राइस सिटी गोंदिया में संबंधित विभाग द्वारा स्कूलों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू और उससे संबंधित पदार्थ बेचने पर अनेक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई।मेरा मानना है कि इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए यह कार्रवाई लगातार सप्ताह में दो बार शुरू रहनी चाहिए तो इस समस्या का जड़ से निदान हो सकता है।असल में होता यह है कि हफ़्ताखोरी के कारण जो रेड होता है, उसकी जानकारी संबंधित ऑनर को उस डिपार्टमेंट के भेदियों से मिल जाती है और माल ठिकाने लग जाता है या सेटिंग से कम जप्ती दिखायी जाती है, केस ढीला कर दिया जाता है, आरोपी को शीघ्र जमानत मिल जाती है, फिर कारोबार का चक्र उसी तरह चलते रहता है, रिकॉर्ड में रेड दिखाई जाती है पर होता जाता कुछ नहीं, यह कहानी मेरा मानना है कि शायद हर जिला प्रशासन में हो सकती है। इस प्रकार के मदिरा व्यापार में मैंनें अभी तक कोर्ट से सजा नहीं देखी या सुनी है।आरोपी छूट जाता है मामला रफादफा हो जाता है और हम केवल और केवल जागरूकता दिवस, निषेध दिवस मनाते रह जाते हैं,जिसपर शायद शासन प्रशासन को गंभीरता से विचार करना जरूरी है। अभी समय आ गया है कि शासन प्रशासन को अति कानूनी सख़्ती भी अत्यंत तात्कालिक जरूरी है, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, तंबाकू सेवन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक-तंबाकू निषेध कानून का सख़्त क्रियान्वयन समय की मांग,तंबाकू या धूम्रपान से दूरी हमारे जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में मददगार साबित हो सकती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** नगर में श्री बालाजी की 21 वीं भव्य शोभायात्रा धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का नगर के दर्जनों स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। श्री बाला जी की शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। शोभा यात्रा में दर्जनों झांकियां बैंड डीजे शामिल रहे। शोभा यात्रा में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल भी तैनात रहा।

शनिवार को प्रतिवर्ष की तरह सिद्ध पीठ श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर मौहल्ला कानूनगोयान के तत्वधान में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शाम के समय श्री बालाजी दरबार मुजफ्फरनगर के महंत चन्द्रकिरण गुरू जी व पंकज जिन्दल गुरु जी ने श्री बाला जी महाराज पंचमुखी हनुमान जी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। तत्तपश्चात भाजपा एम एलसी वीरेंद्र सिंह व गुरु जी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर व फीता काटकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा आयोजन समिति के द्वारा मुख्य अतिथियों प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शोभायात्रा श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर से आरंभ होकर मौहल्ला घौलान, मौलानान, खैल, गंगेरु मार्ग, शेखजादगान, माता मन्दिर, पुराना पीएनबी बैंक शाखा, जैन मन्दिर, जैन स्थानक, मैन बाजार, लक्ष्मी नारायण मंदिर, मौहल्ला रायजादगान आर्य समाज मन्दिर, दिन तले से होते हुए पुनः मंदिर स्थल पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालु रंग गुलाल उडाकर होली खेलते हुए नजर आए। शोभायात्रा के दौरान पूरा नगर धर्ममय नजर आया। शोभायात्रा में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए सामाजिक संस्थाओं के द्वारा जलपान की व्यवस्था भी की गई। शोभायात्रा में श्री बालाजी महाराज के भव्य रथ के साथ, गणेश जी, देवी महिसासुर, माखन चोर, अघोरी, नंदी, पालकी, यगुल जोडी सरकार, मां गंगा, मोर पंख राधा कृष्ण जी, हनुमान जी, भगत सिंह, राज सिंह, सुखदेव की मार्मिक झांकी के साथ - साथ भगवान शंकर तपस्या में लीन, मां काली व भगवान शंकर, खाटू श्याम, सीता हरण, हनुमान जी व बंदर संदूरी, भगवान श्रीराम जी की झांकी के साथ - साथ दर्जनों झांकियां कई डीजे व बैंड, चन्दोसी पार्टी आदि शामिल रहे। डीजे में बैंड में भगवान श्री बालाजी महाराज के सुंदर भजनों के गुणगान से मंत्रमुग्ध होकर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा में बालाजी महाराज के स्वर्ण रथ व मां गंगा, खाटू श्याम व हनुमान जी के साथ दर्जनों झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।

## बरात रवाना होने से पूर्व दो पक्षों में मारपीट चार घायल

**कांधला।** क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी में दो भाइयों के बीच रुपए की लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई दोनों भाइयों में जमकर मारपीट हुई मारपीट में दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए झगड़ा कर रहे लोगों को हटाते हुए घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी समीम और इस्माइल दोनों सगे भाई हैं। दोनों भाइयों के तीसरे भाई मुस्तकीम की शनिवार की देर शाम बारात जनपद बागपत में रावना होनी थी। आरोप है कि इस्माइल ने अपने भाई समीम से रुपए उधार ले रखे हैं। शादी समारोह में जमा हुए दोनों भाइयों के बीच रुपए की लेनदेन को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों भाइयों के परिवार के लोग आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी डंडे व पत्थरबाजी हुई। मारपीट में इस्माइल पक्ष की ओर से इस्माइल, शौयब, व साहिल घायल हो गए। आरोप है की समीम पक्ष के लोगों ने इस्माइल पक्ष को मारपीट करने के बाद घर में बंद कर बंधक बना लिया।

# रानी झांसी को नमन करते हुये सदर बाजार में प्रतिमा तले दी उन्नीस की सलामी



**वेलकम इंडिया**

झांसी ! मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में इंजी. पी एन गुप्ता की अध्यक्षता, राष्ट्रीय युवा हिन्दू वाहिनी की महिला संयोजिका माननीया संध्या टोकसे के मुख्य आतिथ्य, राष्ट्रीय कन्वीनर अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य एवम पूर्व अध्यक्ष सुनील सक्सेना के संयोजन में आज रानी झांसी की प्रतिमा तले उन्हें नमन करते हुए सलामी दी गयी आरम्भ में अतिथियों का स्वागत बैज अलंकरण कर किया गया। रानी झांसी के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए आज के अतिथियों ने आगामी पीढ़ी के बच्चों को उनके जीवन से प्रेरित होने का आवाहन किया।

मुख्य अतिथि ने कहा सलामी कार्यक्रम को निरन्तर मानव विकास संस्थान रानी की जन्म की तिथि के दिन माह की प्रत्येक उन्नीस तारीख को सलामी देते हुए उन्हें नमन करता आया है। आगामी पीढ़ी की लिए रानी झांसी के बलिदान की गाथा हेतु वे साधुवाद के पात्र हैं। सभी ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को नमन करते हुए सलामी दी।

सभी ने रानी झांसी अमर रहें अमर रहें व रानी तेरा वो बलिदान - याद करेगा हिन्दुस्तान के नारे लगाए। वन्देमातरम् व भारत माता की जय से वातावरण गुंजायमान हुआ।

## सीढ़ियों से गिरकर मासूम बच्चा घायल

**कांधला।** नगर के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक व्यक्ति का तीन वर्ष का मासूम बच्चा सीढियो से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मोहल्ला शेखजादगान निवासी फुरकान का तीन वर्षीय पुत्र अरहम शनिवार को अपने मकान की ऊपरी मंजिल की छत पर सीढ़ियो के रास्ते से चढ़ रहा था। अचानक से बालक का पैर फिसल गया और बालक सीढियों से गिरकर गंभीर बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया बालक की चीख–पुकार सुनकर परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवती ने एक युवक पर घर में घुसकर अकेली देखकर तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। कस्बा निवासी एक युवती ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि मोहल्ला खेल निवासी एक युवक का पीड़िता के घर पर आना जाना था। आरोप है कि उसकी मां और परिवार के सभी लोग खेत पर काम करने के लिए गए थे??गत 15 अप्रैल को पीड़िता घर पर अकेली थी। आरोपी पीड़िता को अकेली देखकर घर में घुस गया और अकेली देखकर दबोच लिया और तमंचे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी दूसरी बार फिर से पीड़िता को अकेली देखकर दुष्कर्म करने की नीयत से घुस गया और उसे दबोच लिया। शोर–शराबा होने पर मौके पर उसका भाई आ गया आरोपी मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता को जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# जनपद के तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर ।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह एवं उप जिलाधिकारी अरूण कुमार की उपस्थिति में धनघटा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई करते हुए प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों/कर्मचारी को निर्देशित किया है।

उप जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रकरणों/शिकायतों को अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जा कर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के प्रति सरकार बेहद संवेदनशील हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही न किया जाये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन में भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण ससमय निस्तारण किया जाए। धनघटा तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से 01 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए उपजिलाधिकारी ने तत्काल निस्तारण करने के निर्देश दिये। कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीडितों को त्वरित न्याय मिल सकें।

## गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका के द्वारा लगाया गया वाटर कूलर अपनी बदहाली पर बहा रहा है आंसू



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका के द्वारा जनता जनार्दन के हित में कराई जा रहे। कार्यों को खुद बयां कर रहा है जर्जर हालत में खड़ा वाटर कूलर।आपको बता दें कि गढ़मुक्तेश्वर नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले मीरा की रेती शहर में नगर पालिका के सौजन्य से लोगों की प्यास बुझाने के लिए लगाया गया। वाटर कूलर अपनी बदहाली पर जर्जर हालत में खुद आंसू बहा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लोगों की प्यास बुझाने के लिए लगाया गया यह वाटर कूलर पिछले काफी समय से जर्जर हालत में खड़ा हुआ है। जिसकी शिकायत सही कराने के लिए नगर पालिका अधिकारियों से कई बार की जा चुकी है। लेकिन इस जर्जर हालत में खड़े वाटर कूलर को सही कराने के लिए और कोई सुनवाई नहीं की गई है। जोकि वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष के द्वारा जनता जनार्दन के हित में कराए जाने वाले कार्यों को खुद बयां कर रहा है।

# मनोज पंडित ने अनुराग कश्यप के खिलाफ एलजी से कार्रवाई की मांग

**वेलकम इंडिया**



**नई दिल्ली:** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज पंडित ने फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल (छत्रृ) और मुख्यमंत्री को एक ज्ञापना सौंपा है।

ज्ञापन में मनोज पंडित ने अनुराग कश्यप पर ब्राह्मण समाज की भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कश्यप अपनी फिल्मों की सस्ती लोकप्रियता के लिए ऐसे ब्यान देते है, ब्राह्मण समाज इस देश का एक बड़ा और महत्वपूर्ण अंग है हमारे समाज ने देश के निर्माण में और सामाजिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है देश और देशवासियों के लिए हमारे ब्राह्मण समाज की योगदान को कोई जानकारी नहीं सकता है महोदय पिछले कुछ समय से देखा जा रहा है कुछ निहित व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते हमारे समाज के लिए आपत्तिजनक अश्वनीय टिप्पणी कर रहे हैं इन टिप्पीड़ियों का तारा दिन प्रतिदिन गिरता जा रहा है जिस ब्राह्मण समाज में आक्रोश का बीज पड़ रहा है ब्राह्मण समाज हमेशा से सहिष्णु रहा है हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि हम पूरी तरह से सामाजिक और संविधान का पालन करने वाले कार्य ही करेंगे महोदय इस बात को कहते हुए हम आपसे आशा करते हैं कि आप अनुराग कश्यप के अवध टिप्पणी पर ध्यान देंगे और ब्राह्मणों के आक्रोश को समझते हुए आप अनुराग कश्यप पर शख्स से सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे जिससे ऐसे लोग आगे से ब्राह्मण समाज के लिए टिप्पणी न कर सकें।

## ईंट भट्ठे से लापता हुई किशोरी को पुलिस ने किया बरामद

**वेलकम इंडिया**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने आए बिहार के दो युवक कस्बा निवासी एक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा कर ले गए थे शनिवार को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया है।

कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने एक सप्ताह पूर्व थाने पर तहरीर देकर बताया था कि पीड़ित अपने परिवार सहित क्षेत्र के कैराना मार्ग स्थित एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए गया हुआ है। आरोप है उसकी 13 वर्षीय पुत्री को ईंट भट्ठे पर कार्य करने आए बिहार निवासी दो लोग बहला-फुसलाकर भगा कर ले गए। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने सर्विलांस टीम की मदद से किशोरी को बरामद कर लिया।और आरोपी भागने में कामयाब रहे पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

# बरेली में तेंदुए का आतंक: खेत में सिंचाई कर रहे किसान पर किया हमला

**वेलकम इंडिया/ सुनील गुप्ता**



**बरेली।** क्योलड़िया क्षेत्र में शुक्रवार को तेंदुए के हमले से हड़कंप मच गया। गाँव बिहारीपुर अब्दुल रहमानपुर में खेत में सिंचाई कर रहे किसान अरविंद कुमार पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। हमले में अरविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से हालत नाजुक देख उन्हें निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार अरविंद खेत में सिंचाई कर रहे थे, तभी झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उनके चेहरे पर झपट्टा मार दिया। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे और शोर मचाकर तेंदुए को वहां से भगाया। हमले के बाद से गांव में डर का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अभी भी खेतों के आसपास ही कहीं छिपा हुआ हो सकता है। तेंदुए के हमले के बाद गांव के लोग दहशत में हैं। कोई भी अकेले खेत में जाने को तैयार नहीं है। किसानों ने बताया कि अब वे समूह में और लाठी-डंडे लेकर ही खेतों की ओर जा रहे हैं। बच्चों और महिलाओं को घरों से बाहर निकलने पर भी रोक लगा दी गई है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। वन विभाग की चार टीमें इलाके में तेंदुए की तलाश में जुटी हैं। खेतों और आसपास के जंगलों में कांबिंग की जा रही है। पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, और मंदिरों व मस्जिदों से ऐलान कराकर लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है।

# भारत रत्न डॉ. अंबेडकर के सम्मान समारोह में भाजपाइयों ने बाबा साहब को याद कर बताया महान शख्सियत

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शरद महेश्वरी की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह विनायक इंटरनेशनल स्कूल में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री हाथरस बेबी रानी मौर्य एवं यूपी सिडको के चेयरमैन दर्जा राज्य मंत्री बाईपी सिंह रहे। बेबी रानी मौर्य ने कहा कि डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर एक ऐसी महान शख्सियत थे जिन्होंने भारत का संविधान लिखा और हमारे मौलिक अधिकारों को हमको दिलाया हमको वोट डालने का अधिकार नहीं था हमको शिक्षा का अधिकार नहीं था हमको अपनी बात रखने का अधिकार नहीं था महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने में बाबा साहब की जो भूमिका रही है, इसकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम होगी, यूपी सिडको के चेयरमैन बाईपी सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने बाबा साहब का सम्मान किया, जबकि कांग्रेस ने बाबा साहब का हमेशा तिरस्कार किया अपमान किया, आपातकाल से लेकर आरक्षण तक कांग्रेस ने संविधान को कमजोर किया, नेहरू मंत्रिमंडल में बाबा साहब अंबेडकर को जानकर दरकिनार किया गया, जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंच तीर्थों निर्माण कराया, गया, उपस्थित सांसद अनूप प्रधान बाल्मिक ने अपने संबोधन में कहा 1991 को अंतरिम सरकार के दौरान प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान संशोधन अधिनियम लाया गया जब सरकार के पास निर्वाचित जनादेश नहीं था, कांग्रेस द्वारा सबसे ज्यादा संविधान में संशोधन किया गया, आज यदि संविधान नहीं होता तो हमको हमारे मौलिक अधिकार नहीं मिल पाते, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद महेश्वरी ने अपने उद्बोधन में यह कहा कि, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर दलितों की मसीहा थे, कांग्रेस की सरकार में, उनका बहुत अपमान हुआ था लेकिन उन्होंने कभी अपमान का बदला अपमान से नहीं लिया।

# किसानों के खेतों पर पहुच कर निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** जिला कृषि अधिकारी ने मौसम में अचानक बदलाव के कारण संभावित फसल हानि की आशंका को देखते हुए किसानों के खेतों पर पहुच कर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

ग्राम इलायचीपुर उर्फ सीखेड़ा, ब्लॉक कोतवाली में गत रात्रि मौसम में अचानक बदलाव के कारण संभावित फसल हानि की आशंका को देखते हुए, भोगेन्द्र सिंह पुत्र रघुवीर सिंह के गेहूं के खेत का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह देखा गया कि लगभग 5 बीघा भूमि में गेहूं की कटाई हो चुकी है, और थ्रेशिंग (घाई) का कार्य प्रगति पर था। घाई के पश्चात प्रत्येक बीघा में लगभग गेहूं का संभावित उत्पादन अच्छा प्राप्त हुआ, जो कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए एक संतोषजनक परिणाम है। उपस्थित किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए यह अवगत कराया गया कि कृषि विभाग के राजकीय कृषि बीज भंडारों पर ह्लढेचाह्व किस्म का उत्तम गुणवत्ता वाला बीज उपलब्ध है। सभी किसान 50 प्रतिशत अनुदान पर यह बीज प्राप्त कर सकते हैं। आगामी खरीफ फसल के लिए हरी खाद की बुवाई हेतु यह बीज अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। कृषि विभाग सभी किसानो से अनुरोध करता है कि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं, समय पर उन्नत बीज प्राप्त करें और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त करें।

# आप्रेशन जागृति-फेज-फोर : सशक्त नारी, सशक्त समाज, महिलाएं है तरक्की का आधार, उनके प्रति बदलो अपने विचार

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**




**हाथरस।** महिलाओं,बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण, संवाद,परामर्श एवं विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक जोन, आगरा द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ह्लऑपरेशन जागृतिह्व फेज-4 के क्रम मे समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं समस्त थानों की एन्टी रोमियो टीम,महिला बीट आरक्षियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल-कॉलेज एवं अन्य स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित छात्राओं-बालिकाओं व स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति के उद्देश्यो के बारे में जानकारी देते हुये सुरक्षा सम्बंधी उपायों, विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, संचालित कल्याणकारी योजनाओं व साइबर अपराधो से बचाव हेतु किया जागरुक किया गया । इस दौरान उपस्थित छात्राओं/बालिकाओं एवं स्कूल स्टॉफ को ऑपरेशन जागृति फेज-04 अभियान के मुख्य उद्देश्यों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया । कार्यक्रम के दौरान अधिकारीगण द्वारा महिलाओ-बालिकाओ के साथ घटित अपराधो से बचाव के उपाय के सम्बन्ध में अवगत कराते हुये उनकी रोकथाम व कानूनी प्रक्रिया के तहत विधिक प्रावधान तथा विषम परिस्थितियो में सहायता प्राप्त किये जाने के लिये महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे- यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही महिलाओं-बालिकाओं को सभी सुरक्षा सम्बन्धी सेवाऐ-एप्लीकेशन आदि के बारे में जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया । महिलाओं-बालिकाओं को बताया गया कि आस पड़ोस में या स्वंय के साथ होने वाले अपराध या अपराध की संभावना होने पर संकोच किये बिना निडर होकर अपनी बात पुलिस तक पहुंचाए ।

# पर्यावरण संरक्षण और छात्र नामांकन वृद्धि के लिए कराया गया विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** विकास शेत्र क्यारा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय वारीनगला के शिक्षकों ने नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से बच्चों को शनिवार को शैक्षिक भ्रमण कराया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता का माहौल तैयार करना था, विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ विनोद कुमार शर्मा ने इस मौके पर कहा कि आने वाले समय में हमारे विद्यालयों के सभी छात्र-छात्रा अपने आस पास अधिक से अधिक वृक्षों को रोपित, पुष्पित और पल्लवित कर तेजी से हो रही ग्लोवल वार्मिग की चुनौती को नियंत्रित करने में सहायक बने इसीलिए यह शैक्षिक भ्रमण छात्र छात्राओं को कराया है। उन्होंने कहा कि गर्मी का तापमान 50 डिग्री के आसपास पहुंच चुका है और इसे 50 से ऊपर पहुंचने में बहुत समय नहीं लगेगा, समय रहते हमने अपने पर्यावरण को अधिक से अधिक पौधे रोपित कर यदि संरक्षित नहीं किया तो पृथ्वी पर जीवन मुश्किल हो जाएगा।

इसलिए बच्चों को वृक्षों की उपयोगिता को नजदीक से समझाते हुए शिक्षकों द्वारा अधिक से अधिक पौधे रोपित कर उन्हें पुष्पित और पल्लवित करने की शपथ भी दिलाई गई।इस प्रकार के छोटे छोटे शैक्षिक भ्रमण बच्चों के नामांकन वृद्धि में भी सहायक होते हैं। शनिवार के शैक्षिक भ्रमण को सार्थक बनाने में प्रधानाध्यापक डॉ. विनोद कुमार शर्मा, प्रीति शर्मा, आशा राणा, नवनीत यादव, रजी हसन, ऊषा देवी, मोहिनी और सिमता देवी का विशेष योगदान रहा।

# एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी संसाधनों की बबार्दी रुकेगी, सुरक्षा बलों पर दबाव कम होगा, नागरिक एक साथ मतदान कर पाएंगे : भाजपाई

**वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार**



**हाथरस।** बागला महाविद्यालय में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर एक छात्रा संवाद संगोष्ठी रखी गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश की महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान रहीं।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा ,नगर पालिका चेयरमैन श्वेता दिवाकर ,शालिनी पाठक ऊषा पाठक, सुचेता जॉन बबीता वर्मा ,बबली सिंह, पूनम सिंह , पूनम शर्मा, राजकुमारी चौहान जिसमें बबिता सिंह चौहान के द्वारा अपने संबोधन में यह कहा गया कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी संसाधनों की बबार्दी रुकेगी, सुरक्षा बलों पर दबाव कम होगा, नागरिक एक साथ मतदान कर पाएंगे, जिससे भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र और सशक्त बनेगा, जो भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण समाधान हो सकता है, भारत में हर साल किसी न किसी राज्य में चुनाव होते हैं, इससे न केवल सरकारी खर्च पड़ता है बल्कि सुरक्षा प्रशासन और संसाधनों पर बोझ पड़ता है, एक साथ चुनाव कराने से चुनावी खर्च में भारी कटौती की जा सकती है, और इन संसाधनों को देश के विकास में लगाया जा सकता है 2024 के लोकसभा चुनाव का खर्च करीब 1 करोड़ 35 लाख करोड़ था, जबकि 2019 लोक सभा का चुनावी खर्च 60 हजार करोड रुपए से लगभग दोगुना है, आने वाले समय में बढ़ती जनसंख्या के साथ ही चुनाव का खर्च बढ़ता ही जाएगा एक राष्ट्रीय चुनाव व समाधान है जो सरकारी संसाधनों की भी वजह होते खर्चे पर लगाम लगाकर राष्ट्र क्षेत्र में उनका प्रभारी उपयोग सुनिश्चित करेगा एक ही समय पर सभी तरह होने से करीब साढे चार लाख करोड़ की बचत होगी जो कि देश की जीडीपी के 1.5% के बराबर स्पष्ट है कि एक राष्ट्र एक चुनाव से होने वाली बचत से देश में विकास के नए अध्याय लिखे जा सकते हैं ,एक राष्ट्र एक चुनाव का निर्णय व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्र में परिवर्तन कार्यक्रम सिद्ध होगा, इससे होने वाली आर्थिक बचत आने वाली पीढ़ियों के लिए नई अवसर के द्वार खोलेगी, एक राष्ट्र एक चुनाव सिर्फ चुनावी मैनेजमेंट से आगे बढ़कर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को तीव्र गति देने का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

# निजी स्कूलों द्वारा की जा रही फीस में वृद्धि एवं स्कूलों से ड्रैस, किताबे आदि बेचे जाने के विरोध में भाकियू नें कलेक्ट्रेट पर सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**




**वरिष्ठ पत्रकार राजेश कोछड़**

**नई दिल्ली** –आज भारतीय किसान यूनियन ( कृषक शक्ति ) द्वारा सूरजपुर कलेक्ट्रेट पर निजी स्कूलों द्वारा की जा रही फीस वृद्धि, लेट फीस पेनाल्टी, एडमीशन के नाम पर मोटी रकम वसूलने, स्कूल से ही ड्रैस, जूते, किताब एवं अन्य पाठ्य सामग्री बेचे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपां। इस दौरान भाकियू ( कृषक शक्ति ) के पदाधिकारी नारे बाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पर पहुंचे एवं कलेक्ट्रेट गेट के सामने ही धरने पर बैठ गए। विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर के नेतृत्व में सैंकड़ों की संख्या में संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर नें कहा की आज निजी स्कूलों द्वारा लगातार किसान, गरीब, मजदूर एवं मध्यम वर्ग को लूटा जा रहा है। ये स्कूल शिक्षा के नाम पर व्यापार पर कर रहे हैं। अगर इन स्कूलों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो हमारा संगठन इन स्कूलों की तालाबंदी करने का काम करेगा। प्रदर्शन को प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय संरक्षक एच पी छौंकर, राष्ट्रीय प्रवक्ता रविंद्र प्रधान, राष्ट्रीय महामंत्री रनजीत नम्बरदार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अशोक प्रधान, राष्ट्रीय महासचिव मुकेश गौड, युवा प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान, प्रदेश उपाध्यक्ष कविन्द्र यादव आदि ने भी सम्बोधित किया।इस दौरान संचालन जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह एवं अध्यक्षता राष्ट्रीय सलाहकार रामभरोसे शर्मा ने की। विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय सचिव अंसार उस्मानपुर, राष्ट्रीय सह सलाहकार निरंजन गौड, सलाहकार खैमी पहलवान, छात्र सभा प्रदेश अध्यक्ष कपिल गोस्वामी, पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव, छात्र सभा युवा उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, प्रदेश महासचिव प्रमोद भाटी, प्रदेश सचिव रोहतास छौंकर, प्रदेश सचिव रोहित चौधरी, जिलाध्यक्ष बुलंदशहर अनिल भाटी, सतीश गौड, विनोद सोलंकी, सुरजन सिंह, रमन शर्मा, श्रीपाल सिंह, धर्मन रौनीजा, हरदेव सिंह, जेवर नगर अध्यक्ष हसीन खान, भारत भाटी मिजार्पुर, चंचल भाटी, नवीन रुस्तमपुर, विपिन सचदेवा, आकाश शर्मा, आकाश शर्मा डेल्टा, आकांश रबूपुरा, बंटी भाटी, मनोज भाटी, यशपाल भाटी, पवन भाटी, सुनील ठाकुर, आकाश आदि रहे।

# पत्रकार जाकिर तुर्क का हाल जाने हॉस्पिटल पहोचे अजेय चौधरी, व हरेन्दर चौधरी

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** दैनिक अखबार के पत्रकार एंव ग्रमीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष श्री जाकिर तुर्क, जो 17 अप्रैल 2025 को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे, वर्तमान में गढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं। दुर्घटना के कारण उन्हें सिर में गंभीर चोटें आईं तथा मस्तिष्क में रक्त का थक्का (ब्लड क्लॉट) पाया गया है।

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नालिस्ट (उपज )के प्रदेश सचिव एवं अध्यक्ष श्री अजय चौधरी ने अस्पताल पहुँचकर श्री जाकिर तुर्क के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्री चौधरी ने बताया कि ह्लईश्वर की कृपा से उनकी हालत स्थिर है और वे अपने परिवार तथा शुभचिंतकों को पहचान भी पा रहे हैं, जो अत्यंत सुखद संकेत है ।जाकिर तुर्क काफी समय उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नालिस्ट के जिला सचिव के पद पर रह चुके है। ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय महा सचिव हरेंद्र चौधरी व राष्ट्रीय कोषा अध्यक्ष भी अपने जिला उपाध्यक्ष का हाल जानने स्त्रि हॉस्पिटल मेरठ पहोचे जहाँ उन्होंने परिवार जनों से मिलकर बात चित कीतथा ईश्वर से जल्द स्वाथ्य होने की कामना की,शाह टाइम्स के ब्यूरो चीफ मेरठ शाह वेज खान ने अपने क्राइम रिपोटर जाकिर तुर्क का फोन कर हाल जाना परिवार जनों ने समस्त पत्रकार समुदाय और शुभचिंतकों से श्री जाकिर तुर्क के शीघ्र स्वस्थता हेतु प्रार्थना करने का आग्रह किया ।जाकिर के हॉस्पिटल में भर्ती होने की खबर सुनकर उनके शुभचिंतको दोस्तों व पत्रकारों का पूरा दिन ताँता लगा रहा।

# दबंगो ने एक व्यक्ति के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियार से मारपीट कर किया गम्भीर धायल

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर नगीना।** सरकारी टयूबवैल के पानी को लेकर थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगो ने एक व्यक्ति के साथ लाठी डंडों व धारदार हथियार से मारपीट कर गम्भीर कर दिया। पीड़ित ने चार के विरुद्ध नाम जद लिखित तहरीर दी है। जिसपर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर हट्टी निवासी लाजवन्त सिंह पुत्र नोवहार सिंह बृहस्पतिवार की रात्रि को सरकारी ट्यूवैल से अपने खेत मे पानी लगा रहा था। उसी समय गांव के अशोक कुमार, हर्षित पुत्र अशोक कुमार, ब्रजपाल सिंह पुत्र बलकरण सिंह व वंश कुमार पुत्र जयपाल ने आकर मेरे खेत मे चलता पानी काट लिया मना करने पर लाठी डंडों एवं पाठल से मेरे साथ मारपीट कर मुझे घायल करते हुए माँ बहन की गंदी गन्दी गालियां दी तथा जाते समय जान से मारने की धमकी देते चले गए। मारपीट में सर व हाथ में गम्भीर चोट आई है। घटना की सूचना परिजनों को लगने पर मुझे थाने ले गये जहाँ पर पुलिस द्वारा मेरा नगीना सरकारी अस्पताल में मेडिकल व इलाज कराया वहाँ से बिजनोर एक्सरे आदि के लिए भेज दिया। तहरीर में उपरोक्त चारो के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कारवाही शुरू कर दी गई है।

# शत- प्रतिशत रहा खोलिया विवेकानंद इंका गरुड़ का परीक्षाफल

**वेलकम इंडिया**




**गरुड़।** खोलिया विवेकानंद इंटर कॉलेज गरुड़ का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम जानने के बाद बच्चों ने विद्यालय में खुशी व्यक्त की। हाईस्कूल के चार छात्र-छात्राओं व इंटरमीडिएट के दो छात्र-छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। खोलिया विवेकानंद इंका गरुड़ के प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी ने बताया कि हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल के छह बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के परीक्षा प्रभारी चंद्रशेखर बड़सीला ने बताया कि इंटरमीडिएट में सागर दोसाद ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 15 वां स्थान जबकि इंटर की छात्रा पल्लवी जोशी ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तराखंड की मेरिट सूची में 21 वां स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल की मेरिट सूची में हर्षित पांडे ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 11 वां स्थान, योगिता भयेड़ा ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ 16 वां स्थान, आशीष भट्ट ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ 23 वां स्थान, भूमिका जोशी ने 94.2 प्रतिशत अंकों के साथ 25 वां स्थान प्राप्त किया। मेरिट में आए बच्चों को मिठाई खिलाकर विद्यालय में शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी। बच्चों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंधक विपिन तिवारी, प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र जोशी, अध्यक्ष जीत सिंह नेगी, विद्या भारती के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य नंदन सिंह अल्मिया, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, विधायक पार्वती दास, पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, प्रशासक प्रमुख हेमा बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा, डा.हेम चंद्र दुबे, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, जिपंस जनार्दन लोहुमी, दीवान नेगी, डा. डीएस रावत, कैलाश जोशी, सुनील दोसाद, दिनेश बिष्ट, डीके जोशी, अंकित जोशी, प्रदीप गुरुरानी, मोनिका वर्मा आदि ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को बधाई दी है।

# तहसील समाधान दिवस में आई सभी जनहित शिकायतों का मौके पर पहुंच कर पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के दिए निर्देश

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर नगीना।जिलाधिकारी जसजीत कौर ने तहसील समाधान दिवस में आई सभी जनहित शिकायतों का मौके पर पहुंच कर पारदर्शिता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिये उन्होंने दो टूक कहा कि समाधान दिवस में शिकायत तो का निस्तारण में कोताई बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी बख्से नहीं जाएंगे। इस मौके पर कुसे 36 शिकायतें दर्ज की गई जिनमें से एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नही हो सका शनिवार को तहसील सभा कक्ष में आयोजित समाधान तहसील दिवस कार्यक्रम में जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि समाधान दिवस में आने वाले शिकायतों का निस्तारण में संबंधित अधिकारी शिकायतकर्ता को विश्वास में लेते हुए मौके पर जाकर पारदर्शिता के साथ निस्तारण करें उन्हें कहा कि किसी कारण वंश अधिकारी मौके पर नहीं जा सकते तो अपने अधिनिस्ट अधिकारी या कर्मचारी को भेज कर शिकायत की सत्यता के आधार पर समाधान करें जिलाधिकारी ने गर्मी को देखते हुए नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया कि पानी की कमी नहीं होनी चाहिए और ना ही गांव देहात में। उन्होंने यह भी कहा कि जो निर्माण और विकास कार्य चल रहे हैं उन्हें पूरी ईमानदारी के साथ चलन दे और निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री लगाने से बच्चे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया के शासन के द्वारा चलाए जा रही योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को ही दिलाई ताकि सरकार की मनसा पूरी हो सके दो टुक कहां की निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री लगाने भीषण गर्मी में पानी की कमी होने और शान द्वारा चलाई जाती योजनाओं का लाभ अपात्रों को जिला जाने की शिकायत उन तक पहुंची तो संबंधित अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ विभाग के करवाई की जाएगी।

# शिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए महत्वपूर्ण है

**वेलकम इंडिया**



प्रयागराज में उच्च प्राथमिक विद्यालय पी0ए0सी0 नैनी नगर क्षेत्र प्रयागराज के तत्वधान में युग पुरूष युग दृष्टि भारत रत्न भारतीय संविधान के शाहकार बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के जन्मोत्सव के तत्क्रम छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय के कार्यक्रम संयोजक व वरिष्ठ अध्यापक मुहम्मद रिजवान ने बताया कि शासन की ओर से भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती दिनांक 28.04.2025 तक 15 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करने का आदेश प्राप्त हुआ है।उसी क्रम में विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण व पुष्पांजलि अपर्ण, मूल अधिकार एवं मूल कर्तव्य पर व्याख्यान व छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के समस्त अध्यापक मनमोहन लाल रजक, मुहम्मद रिजवान, इन्द्र नारायण पाण्डेय, रवीन्द्र केसरवानी, नासिर हुसैन, तजमीन अहमद अफरोज अध्यापिकाऐं श्रीमती रश्मि सिंह, सुश्री वंदना गौड़, श्रीमती सोनामती आदि ने बाबा साहब के चित्र पर श्रद्धासुमन व पुष्पांजलि अर्पित किया। इस कार्यक्रम का संचालन नासिर हुसैन व तजमीन अहमद अफरोज ने किया। इस अवसर पर मुहम्मद रिजवान ने अपने व्याख्यान में कहा कि डा0 भीमराव अम्बेडकर कहा करते थे ह्यह्यशिक्षा व्यक्ति और समाज दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। वे शिक्षा को व्यक्ति के विकास का साधन और समाज के उत्थान का मार्ग मानते थे। उनका मानना था कि शिक्षा से व्यक्ति में आत्मविश्वास, आत्मनिर्भता और नैतिकता का विकास होता है।

# प्रदेश सरकार प्राइवेट एजेंसियों के लिए कर रही है गेहूं खरीद का कार्य: विधायक नरेश सेलवाल

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** कांग्रेस विधायक नरेश सेलवाल ने शनिवार को उकलाना की नई अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों, व्यापारियों और मंडी अधिकारियों के साथ बैठक की। विधायक ने मंडी में चल रही अनियमितताओं को लेकर गहरी चिंता जताई और प्रदेश सरकार पर प्राइवेट एजेंसियों के पक्ष में काम करने का आरोप लगाया।



विधायक नरेश सेलवाल ने बताया कि पिछले तीन दिनों से अनाज मंडी में किसानों से गेहूं की खरीद सीधे तौर पर सरकार द्वारा न करते हुए एक निजी एजेंसी के लिए की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर किसानों से गेहूं खरीद करनी चाहि, लेकिन वही गेहूं प्राइवेट एजेंसी को महज एक रुपये अधिक दर पर दिया जा रहा है। इसके लिए सरकारी संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जैसे कि गोदाम और परिवहन। नरेश सेलवाल ने कहा कि न तो व्यापारी और न ही किसान अपनी फसल किसी प्राइवेट एजेंसी को देना चाहते हैं, लेकिन अधिकारियों द्वारा उन पर जबरदस्ती दबाव बनाया जा रहा है। इसी कारण पिछले तीन दिनों से मंडी में गेहूं की खरीद बिल्कुल ठप है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर तीन कृषि कानूनों को अप्रत्यक्ष रूप से लागू करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह किसानों के साथ बड़ा धोखा है। विधायक ने मंडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता से एमएसपी पर ही सुनिश्चित किया जाए और किसी पर भी दबाव न डाला जाए। इस मौके पर विधायक नरेश सेलवाल ने मंडी में मजदूरों और किसानों के लिए चलाई जा रही कैंटीन का निरीक्षण भी किया और पीने के पानी व अन्य सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से जल्द से जल्द आवश्यक सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने भी विधायक के समक्ष शिकायत की कि प्रशासन द्वारा उन्हें निजी एजेंसी को गेहूं बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जबकि वे अपनी फसल सिर्फ सरकार को बेचना चाहते हैं। वहीं जब इस मामले में मार्केट कमेटी सचिव भरत शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अब खरीद एजेंसीज को निर्देश दे दिए गए हैं कि जो आढ़ती और किसान अपनी फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकार को बेचना चाहता है, उसकी फसल एमएसपी पर खरीदी जाए।

और जो किसान या व्यापारी निजी एजेंसी को बेचना चाहता है, उसकी फसल एजेंसी के लिए खरीदी जाए।

# सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल के 5 विद्यार्थियों ने आईआईटी जेईई मेंस में किया क्वालीफाई

**वेलकम इंडिया**

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल बागपत के 5 छात्र-छात्राओं अंशुल दीक्षित, नव्या बंसल, पृथ्वी चौहान, आर्यन ढाका व अर्शिया ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा आईआईटी जेईई मेंन्स क्वालीफाई करके स्कूल व जनपद का नाम रोशन किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आईआईटी जेईई मेंन्स प्रवेश परीक्षा 02 अप्रैल से 09 अप्रैल को आयोजित की गई थी।

जिसमें देश के लगभग 15 लाख 39 हजार छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस परीक्षा का परिणाम 19अप्रैल को घोषित किया गया जिसमें स्कूल के 5 छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा को क्वालीफाई किया। अंशुल दीक्षित ने 98.71 परसेंटाइल, नव्या बंसल ने 98.57 परसेंटाइल, पृथ्वी चौहान ने 98.17 परसेंटाइल,



आर्यन ढाका ने 95.96 परसेंटाइल व अर्शिया ने 64.05 परसेंटाइल प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल में जश्न का माहौल रहा। सभी मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को दिया और बताया कि शिक्षकों द्वारा उन्हें आईआईटी कंपटीशन के अनुरूप मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक अजय गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि अन्य सभी छात्र छात्राओं को भी इन मेधावी छात्र-छात्राओं के पद चिन्हो पर चलना चाहिए और कठिन परिश्रम करते हुए अपना लक्ष्य प्राप्त करना चाहिए। इस अवसर पर बबलेश, अमन, शिवम, राजीव, गौरव, सनोज, कुलदीप, हनुराज, गौरव, दीपक, अरुण, ममता आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मामा ने किया भांजी का बलत्कार, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज,पवित्र रिश्ते हुये तातार

**वेलकमइंडिया**

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव की 20वर्षीय युवती ने बुजुर्ग शख्श के साथ शादी करने से इनकार करने पर उसके मामा व पिता ने उसके साथ बलात्कार कर पवित्र रिश्ते को तातार कर दिया।युवती के आरोप पर कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर उसके मामा व पिता पर बलत्कार व अन्य चार लोगों पर धमकाने का केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली खलीलाबाद के क्षेत्र की रहने वाली एक युवती का आरोप है कि लगभग दो वर्ष पूर्व सोते समय देर रात आंख खुली तो सुना कि उसके पिता व माता आपस में बात कररहे थे कि सऊदी में रहने वाला शेख बूढ़ा जरूर है लेकिन शादी के बदले में वह दो लाख रुपये देरहा है।सुबह उठने के बाद युवती ने इस शादी से इनकार कर दिया।जिससे माता पिता नाराज होगये।आरोप है कि शाम को उसके मामा आये और उसे धमकाते हुये कहा कि मेरी शादी लगायी हुई है अगर इनकार करोगी तो ऐसा हाल करेंगे कि तुम सोच नहीं सकती।धमकी से डरकर युवती घर से कहीं चली गयी।तो उसके पिता ने कोतवाली पुलिस को फर्जी दरखास्त देदी।बीते 23जुलाई2024 को सोते समय लगभग एक बजे रात में अचानक उसके मामा कमरे में घुस आया और उसका मुंह बन्दकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया।शोर मचाने पर वह बताने जान मारने की धमकी देते हुये भाग गया। उसने रोरोकर अपनी मां से आप बीती बतायी तो यह बात उसने उसके पिता को बतायी।तो पिता ने इस बात को सुनने के बाद उसकी मां को दूध लेने के लिये बाहर भेज दिया।युवती का आरोप है कि उसके मां को बाहर जाने के बाद पिता ने दरवाजा बंद कर उसके साथ जबरन बलत्कार किया।थाना में दरख्वास्त देने पर कोई करवाई नहीं हुई तो उसने एसपी को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजा जिसपर भी कोई करवाई नहीं हुई।कोई सुनवाई न होते देख युवती ने कोर्ट की शरण ली।

# स्थानीय लोगों ने कहा तकनीकी अधिकारियों की गैर मौजूदगी में लेंटर तोड़े जाने से हुए सबूत नष्ट कैसे होगी अब जांच

**वेलकम इंडिया**

**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** नगर पालिका उकलाना द्वारा चौबीसी में जो महाराजा अग्रसेन स्वागत द्वार का निर्माण करवाया जा रहा था कल सेट्रिंग खोलते वक्त लचकमर गया था और जिसमें सेट्रिंग खोलने वाले मजदूरो भी बच गए थे हालांकि इससे बड़े हादसे की आशंका थी।

मजदूरों ने आज स्वागत द्वार के लेटर को गिरने का काम प्रातः 9:00 बजे के लगभग शुरू किया और दोपहर तक मजदूर इसे ऊपर का हिस्सा काफी हद तक तोड़ा स्थानीय लोगों ने सुरक्षा को लेकर आवाज उठाई तब मजदूरों ने जेसीबी मंगवा तब जेसीबी के माध्यम से स्वागत द्वार के लेंटर को गिरने का काम किया। जबकि लेटर गिरते वक्त यह कालम भी हिल चुके हैं जो किसी बड़े हादसे को जन्म देंगे ऐसा स्थानीय लोगों का कहना है । वहीं स्थानीय लोगों ने इस बात की मांग उठाई कि जब कोई तकनीकी या प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं है तो कैसी इसकी




जांच होगी मात्र ब्यान बाजी तक ही अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष सिमट जाएंगे यह तो सबूत को नष्ट करने का काम किया गया है जितना इस लेटर को तोड़ते वक्त सरिया दिखाई दे रहा है इतना सरिया तो एक स्लेब में डाल जाता है तब वह मजबूत रहती है सीमेंट कितनी ईटों को चिपकी हुई है यह भी सबको दिखाई दे रहा है इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जरूरत है लेकिन यहां तो सबूत ही नष्ट कर दिए गए हैं । ठेकेदार के मजदूर संदीप ने कहा कि ठेकेदार के आदेश पर इसको तोड़ रहे हैं मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचा 8 से 10 फुट तोड़ दिया गया है 27 फीट लंबा है ठेकेदार ने कहा है किया आराम-आराम से तोड़े कोई चोट लगती है या हादसा होता है तो उसके लिए ठेकेदार जिम्मेवार होगा।उन्होंने कहा मशीन मिल नहीं रही मुख्य लेटर को मशीन के माध्यम से तुडवाएगे। विक्रम बिठमडा ने कहा कि ऐसी तोड़फोड़ के वक्त सुरक्षा व्यवस्था होनी जरूरी थी लेकिन जान जोखिम में डालकर मजदूर काम कर रहे हैं अगर कोई हादसा होता है तो उसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है वहीं उन्होंने तकनीकी अधिकारियों के ना आने पर कहा कि जब कोई तकनीकी अधिकारी ही नहीं आया तो जांच कौन और किस चीज की करेगा?

# श्रम विभाग के बी॰ओ॰सी॰ ऑपरेटर पर डी एम के आदेशों का उल्लंघन करने के साथ श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन में हिंदू विरोधी होने का लगा आरोप

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/जनपद की तहसील गढ़ मुक्तेश्वर के अंतर्गत आने वाले सिम्भावली थाना क्षेत्र के गांव नवादा कलां निवासी समाज सेवी धर्म सिंह निमेष ने जिला अधिकारी प्रेरणा शर्मा को अपना शिकायती पत्र देकर श्रम विभाग में तैनात बी॰ओ॰सी॰ राशिद चौधरी के द्वारा श्रम विभाग में श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन में धांधली करने हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की थी। जिसमें डीएम कार्यालय से पत्रांक संख्या 377-79 जारी कर मामले की जांच करने के आदेश दिए गए थे। जिसमें बी॰ओ॰सी॰से जुड़े इस मामले में कोई भी कार्यवाही नही करने एवं डीएम के आदेशों का उल्लंघन करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए। समाजसेवी धर्म सिंह निमेष ने सहायक श्रम आयुक्त को अपना शिकायती पत्र देकर उल्लेख किया है कि श्रम विभाग



कार्यालय हापुड़ में तैनात बी॰ओ॰सी॰राशिद चौधरी के द्वारा श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन शुल्क से लेकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने तक में हिंदू विरोधी नीति अपनाने के साथ धांधली की गई है। और साथ ही जिला अधिकारी के पत्रांक संख्या 377-79 के द्वारा मामले की जांच कर स्पष्टीकरण करने के आदेशों का उल्लंघन करने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए।

अपने शिकायती पत्र में जिक्र कर पूर्व में भी राशिद चौधरी का नाम कई मामलों में धांधली करने को लेकर प्रकाश में आने के चलते मामले की जांच कर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है।

# बरेली में विहिप का जोरदार प्रदर्शन: ममता बनर्जी का पुतला दहन, राष्ट्रपति शासन की मांग

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** पश्चिम बंगाल में बढ़ती हिंसा, धार्मिक असहिष्णुता और कथित हिंदू विरोधी नीतियों को लेकर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को बरेली में जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका और केंद्र सरकार से राज्य में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में विहिप कार्यकर्ता मुख्यालय पर एकत्रित हुए। उनके हाथों में बैनर, झंडे और नारों से भरे पोस्टर थे, जिनमें ममता सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज किया गया था। कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है और हिंदू समाज को निशाना बनाकर उत्पीड़न किया जा रहा है। विहिप पदाधिकारियों ने बरेली प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें पश्चिम बंगाल में तत्काल



राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार राज्य में धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा दे रही है, जिससे हिंदुओं की सुरक्षा और अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया था। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखा। विहिप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो यह आंदोलन देशभर में और अधिक व्यापक रूप से चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ पश्चिम बंगाल की नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की सांस्कृतिक और धार्मिक सुरक्षा का मुद्दा है। प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए ज्ञापन को स्वीकार किया और उसे उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

# फाउंडेशन द्वारा विपिन रावत पार्क के सहयोग से एक शाम विरासत के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** फाउंडेशन द्वारा विपिन रावत पार्क के सहयोग से एक शाम विरासत के नाम कार्यक्रम का आयोजन जनरल विपिन रावत पार्क में किया गया, जिसमें सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा राई नृत्य बुंदेलखंडी नाटक आदि सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर डॉ नीति शास्त्री जी ने विश्व विरासत दिवस के महत्व को बताया तथा विपिन रावत पार्क टीम एवं गौरी फाउंडेशन टीम को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी। समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती ललिता यादव आर.टी.ओ प्रवर्तन श्री प्रभात कुमार पांडे जी ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। गौरी फाउंडेशन के स्वयंसेवक चंदर, शहजेब, प्रदीप, कृष्णा,



बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एनसीसी प्रमुख हेमंत चंद्र जी भी उपस्थित थे। गौरी फाउंडेशन के कार्यकारी सदस्य तनुज जी, विवेक चतुर्वेदी जी ,श्वेता जी कोषाध्यक्ष वैभव जी ने कार्यक्रम का बहुत अच्छा प्रबंधन किया। गौरी फाउंडेशन के अध्यक्ष राहुल द्विवेदी और विपिन रावत पार्क के निदेशक नीरज सिंह जी ने सभी को उनकी उपस्थिति और भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनिरुद्ध रावत ने किया।

# तीर्थ नगरी ब्रजघाट में भागीरथी वृद्ध आश्रम ट्रस्ट में 27 अप्रैल को रक्तदान, जीवनदान शिविर का होगा आयोजन




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/हापुड़ की तीर्थ नगरी बृजघाट में स्थित भागीरथी वृद्ध आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में आगामी 27 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भागीरथी वृद्ध आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष महिपाल शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट के पूर्व सचिव स्व अनिल शर्मा को श्रद्धांजलि के रूप में रक्त दान शिवर का आयोजन किया जा रहा है।जिससे जरूरतमंद को समय से रक्त मिल सके। और रक्त के अभाव में किसी व्यक्ति की मौत न हो सके। उन्होंने कहा कि रक्तदान, जीवनदान ही महादान है। वही भागीरथी वृद्ध आश्रम ट्रस्ट के नवनियुक्त सचिव सुशील चौधरी ने कहा कि रक्तदान से आपका कुछ भी खर्च नहीं होगा। लेकिन आपका यही रक्तदान किसी के लिए जीवनदान साबित होगा। आगामी 27 अप्रैल दिन रविवार को भागीरथी वृद्ध आश्रम ट्रस्ट बागडपुर रोड ब्रजघाट में प्रातः10 बजे से शाम 4:30 तक आयोजित किया जा रहा है।

# बार एसोसिएशन मथुरा के सौजन्य से कल्याणं करोति द्वारा आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर भावपूर्ण रूप से सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** समाज के सजग प्रहरी अधिवक्ताओं के नेत्र स्वास्थ्य की चिंता करते हुए बार एसोसिएशन, मथुरा के सौजन्य से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड द्वारा बोहरे कन्हैया लाल सभागार, मथुरा में दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं जाँच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल चिकित्सा सेवा का माध्यम बना, बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायक उदाहरण भी सिद्ध हुआ। शिविर का



शुभारंभ जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशीष गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कल्याणं करोति की सेवाभावी सोच की सराहना करते हुए अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य हेतु यह पहल अत्यंत सराहनीय बताया। एडवोकेट नन्दकिशोर उपमन्यु ने कल्याणं करोति की 43 वर्षों की सेवा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था वर्षों से नेत्रहीनों एवं दिव्यांगजनों के जीवन में आशा की किरण बनकर कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा 400-बेड के आधुनिक नेत्र चिकित्सालय का निर्माण किया गया है, जिसमें प्रथम चरण में 100 बेड्स पर सेवाएं आरंभ हो चुकी हैं। शिविर का प्रमुख उद्देश्य न्यायिक व्यवस्था की रीढ़ अधिवक्ताओं के नेत्र स्वास्थ्य की सुरक्षा करना था। दो दिनों में कुल 511 अधिवक्ताओं के नेत्रों की जांच अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा की गई। 101 अधिवक्ताओं को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए तथा 15 अधिवक्ताओं का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया। शिविर में डॉ. अनन्या सिंह (एम.एस.), डॉ. मनीष मेहरा, सीनियर ऑप्टोमैट्रिस्ट सुमित कुमार, प्रगति शर्मा, वरुण प्रताप सिंह, ऋषि, निशांत देव, स्नेहा बघेल, एवं हिमांशी सहित अनुभवी चिकित्सीय टीम की सक्रिय उपस्थिति रही। मंच संचालन शिव कुमार लवानिया (सचिव, बार एसोसिएशन) ने किया। इस अवसर पर भानु प्रताप गौतम(उपाध्यक्ष), संदीप कुमार शर्मा(सचिव), यशवंत सिंह(ऑडिटर), पंकज कुमार गोला(कोषाध्यक्ष), प्रशांत अज्ञानी, सचिन शर्मा, प्रहलाद पांडेय, राम सनेही एवं योगेश सहित अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे। यह शिविर न केवल नेत्र चिकित्सा का माध्यम बना, बल्कि कल्याणं करोति और बार एसोसिएशन की संयुक्त प्रतिबद्धता का परिचायक भी रहा, जिसने समाज सेवा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायी मिसाल पेश की।



# रामायण के राम ने थाना प्रभारी को शाल ओढ़ाकर रामायण भेंट कर किया सम्मानित

हापुड़/हापुड़ मेरठ लोकसभा सीट से रामायण के राम सांसद अरुण गोविल के द्वारा थाना प्रभारी हाफिजपुर आशीष कुमार के उत्कृष्ट कार्यो से प्रभावित होकर शाल ओढ़ाकर रामायण भेंट कर किया गया सम्मानित।

# परिषदीय विद्यालय नगला जरैला में डॉक्टर बी .आर .अंबेडकर जयंती मनायी गई

वेलकम इंडिया

**मथुरा/नंदगांव।** शासनादेश के अनुपालन में डॉ भीमराव अंबेडकर जी के 134 वे जन्मोत्सव स्वतंत्रता के अमृत काल में एक पखवाड़े के अंतर्गत मनाए जाने के संबंध में उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला जरेला में प्रभात फेरी का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया कार्यक्रम आयोजित रैली का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत सदस्य मोहम्मद सरफराज खान एवं विद्यालय के समस्त समस्त स्टाफ कर्मियों के द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया तदुपरांत ओजस्वी नारों के मध्य रैली का आयोजन नगला जरेला की गलियों में होते हुए विद्यालय प्रांगण में समापन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि बतौर आए एवं स्टाफ कर्मियों द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर विस्तृत प्रकाश डाला और 28 अप्रैल 2025 तक मनाए जाने वाले पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं तथा प्रार्थना सभा , वाद विवाद प्रतियोगिता, महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता तथा अन्य प्रकार के सेमिनार के कार्यक्रमों को आयोजन हेतु हरी झंडी दी गईं कार्यक्रम समापन के उपरांत अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का प्रधानाध्यापक त्रिलोक चंद दुबे ने आभार एवं धन्यवाद दिया तथा कार्यक्रम का संचालन श्री पवन कुमार सहायक अध्यापक ने किया इस अवसर पर उपस्थित लोगों में त्रिलोक चंद दुबे प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक पवन कुमार, आशीष लवानिया ,देवेंद्र कुमार, मनोज कुमार गोयल ,हेमंत कुमार ,सुधा यादव ,सुमन वर्मा और राधा शर्मा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री आबिदा एवं हसीना उपस्थित रहीं।



# उपजा की नवीन कार्यकारिणी का किया सम्मान



वेलकम इंडिया

**मथुरा ।** समूचे प्रदेश में सक्रिय पत्रकारों के संगठन उत्तर प्रदेश जर्नीलिसट्स एसोसिएशन उपजा की मथुरा जिला इकाई का अभी न्यूज चैनल द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया गया इस दौरान जिलाध्यक्ष मफतलाल अग्रवाल एवं महामंत्री सुशील गोस्वामी ने संयुक्त रूप से कहा कि जनपद में पत्रकारों के हित में संगठन पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेगा। शुक्रवार को भूतेश्वर स्थित अभी न्यूज के प्रधान कार्यालय पर चैनल के एमडी दिनेश दत्त चतुर्वेदी ने उपजा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मफत लाल अग्रवाल, महामंत्री सुशील गोस्वामी, कोषाध्यक्ष अजय वार्ष्णेय,उपाध्यक्ष सुरेश उपमन्यु, पवन आनंद, दिलीप यादव, वरिष्ठ पत्रकार विनोद शर्मा, मंत्री विवेक मथुरिया,धनीराम खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य राजेश सोलंकी, खन्ना सेनी, पंकज शर्मा एवं छाता तहसील अध्यक्ष देवेश गौड़ आदि का माला, पटुका व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दन किया। इस मौके पर मफतलाल अग्रवाल ने कहा कि संगठन का शीघ्र विस्तार किया जाएगा, एवं पत्रकारों से जुड़ी समस्याओं को लखनऊ स्तर तक पहुंच कर उनका निस्तारण कराया जाएगा। महामंत्री सुशील गोस्वामी ने अभी न्यूज चैनल के पत्रकारों को उपजा की सदस्यता दिलाई एवं उन्हें पूरा भरोसा दिया कि जनपद में पत्रकारों का किसी भी कीमत पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाए।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील खुर्जा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया



वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में तहसील खुर्जा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 28 फरियादियों द्वारा अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर मौके पर 2 शिकायत का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को सम्बंधित विभाग को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से किया जाए।

एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सीएमओ, उप जिलाधिकारी खुर्जा, सीओ सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर लेकर ग्रामीणों को बच्चों ने किया जागरूक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** स्कूल चलो अभियान को लेकर क्यारा ब्लॉक के चंदपुर जोगियान में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं, ग्राम प्रधान के साथ समस्त अध्यापकों ने ग्रामीणों को जागरूक किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पति इरशाद जरीवाला ने ग्रामीणों को अपने नौनिहाल बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में कराने के लिए जागरूक करते हुए सरकारी विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। प्राथमिक विद्यालय चंदपुर जोगियान की प्रधानाध्यापिका कल्पना शर्मा और उच्च प्राथमिक विद्यालय चंदपुर जोगियान की प्रधानाध्यापिका तलत परवीन ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निशुल्क शिक्षा का प्रचार प्रसार किया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं में बाबा साहब भीमराव



अंबेडकर की तस्वीर को लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया और शिक्षा के महत्व को आम जन मानस तक पहुंचाने का प्रयास किया। स्कूल चलो अभियान की इस रैली में मुख्य रूप से वरिष्ठ अध्यापक नलिन रस्तोगी, इंदरनाथ, रीति यादव, पारुल यादव, ज्योति मौर्य, कनीज फातिमा, सविता यादव, ममता आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्राथमिक शिक्षक संघ गोवर्धन ने की बीएसए मथुरा से विद्यालय समय परिवर्तन की मांग

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** पूरे प्रदेश एवं जनपद मथुरा में वर्तमान में हीट वेव चल रही है तापमान दोपहर में काफी बढ़ जाता है और अधिकांश परिषदीय विद्यालयों में गर्मी से बचाव हेतु बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है विद्युत कटौती होना आम बात है। प्रदेश में चल रही हीटवेव के दृष्टिगत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन भारत सरकार नई दिल्ली ने हीट वेव्स से बचाव की एडवाइजरी जारी की है। जिसके अनुपालन हेतु श्रीमानशिक्षा निदेशक बेसिक लखनऊ ने दिनांक 11 अप्रैल 2025 को एक पत्र जारी किया है जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए गए हैं कि हीट वेब से बचाव हेतु विद्यालयों में समुचित पेयजल छाया आदि की व्यवस्था की जाए। एवं विद्यालय समय अवधि को कम किया जाए। वर्तमान में मिजार्पुर , झांसी सहित कई जनपदों में विद्यालय समय में परिवर्तन किया गया है जो कि 7:30 से 12:30 तक का किया गया है। इसी क्रम में विकासखंड गोवर्धन के शिक्षकों ने भी संगठन के पदाधिकारियो के नेतृत्व में विद्यालय समय में परिवर्तन की मांग की। तत्पश्चात प्राथमिक शिक्षक संघ गोवर्धन ने श्रीमानजिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा से पत्र लिखकर मांग की है कि वह छात्र हित में आवश्यक समय परिवर्तन करने का कष्ट करें।

# बिलारी में सड़क हादसे में टांडा के राकेश की मौत, परिवार में कोहराम

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** नगर के मोहल्ला भब्बलपुरी निवासी 45 वर्षीय बिजली मैकेनिक राकेश कुमार बाल्मीकि की शनिवार सुबह बिलारी में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।परिजन बिलारी के लिए रवाना हो गए। जानकारी के अनुसार राकेश कुमार शनिवार सुबह बिलारी के एक कॉन्वेंट स्कूल में बिजली का काम करने के लिए बाइक से निकले थे। बिलारी क्षेत्र में लगभग दस बजे उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक राकेश कुमार मुरादाबाद जनपद के विभिन्न कान्वेंट स्कूलों में बिजली का कार्य करते थे। वह अपने पीछे पत्नी मैना सहित बेटियां निधि (22), तानिया (20) और बेटा आयुष (17) को छोड़ गए हैं। राकेश की मृत्यु से परिवार में कोहराम मचा है। लोग उन्हें एक मिलनसार व्यक्ति के रूप में याद कर रहे हैं। पालिका के लेखा लिपिक शुभम भारती और सुदेश कुमार सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# बिजली के गले हुए खंभे की शिकायत ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुंची

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र की सर्वोदय नगर कॉलोनी के क्षेत्रवासी बिजली के गले हुए खंभे की वजह से दहशत में हैं। क्षेत्र वासियों का कहना है कि यह गला हुआ पोल कभी भी गिर सकता है, और यदि ये पोल चलती हुई बिजली की लाइन के दौरान नीचे गिरा तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। सर्वोदय नगर निवासी सोनू ने कहा है कि घनी बस्ती में यह गला हुआ पोल लगा हुआ है इसको हटवाने के लिए कई बार बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों से शिकायत दर्ज की जा चुकी है, बावजूद इसके अभी तक किसी भी अधिकारी या कर्मचारी ने इस पोल को देखना भी उचित नहीं समझा है। इसी समस्या को लेकर क्षेत्र के ही रहने वाले चरन सिंह ने ऊर्जा मंत्री और योगी



आदित्यनाथ के कार्यालय के साथ मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (हाल के एक्स) पर ट्वीट कर समस्या के निराकरण के लिए आग्रह किया है। क्षेत्रवासी चरन सिंह के ट्विट पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की तरफ से शिकायत दर्ज करते हुए जल्द समस्या का निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा गया है, अब देखना होगा कि ऊर्जा मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय तक शिकायत जाने के बाद इस समस्या के समाधान में कितना समय लगता है।

# राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए विहिप ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बंगाल में वक्फ कानून के विरोध की आड़ में हिंदुओं को प्रताड़ित करना तथा ऐसे तत्वों को अपने षडयंत्रों में कामयाब होने की खुली छूट देना अव चिंता का सबब बन गया है। मुर्शिदाबाद से शुरू हुई भीषण हिंसा संपूर्ण बंगाल को अपनी आगोश में लेती दिखाई दे रही है। इसकी रोकथाम के लिए बना प्रशासन भी इनके लिए प्रेरक बन गया है। राष्ट्र विरोधी तत्वों को उनके कुकर्मों की सजा देने के लिए केंद्र सरकार को अब आगे आना चाहिए। बताते चलें कि मुस्लिम भीड़ ने 11 अप्रैल को वक्फ कानून विरोध के नाम पर हिंसक प्रदर्शन करते हुए हिंदुओं पर जमकर आक्रमण किया। जिससे साफ पता चलता है की वक्फ कानून का विरोध तो मात्र बहाना




है असली उद्देश्य तो मुर्शिदाबाद को हिंदू रहित बनाना है जिसके चलते यहां अनुमति दिया तथा व्यावसायिक दुकानों को लूट कर जला दिया तथा तीन नागरिकों की निर्मम हत्या कर दर्जन महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई जिसे चलते 500 से भी ज्यादा हिंदू परिवारों को मुर्शिदाबाद से पलायन करना पड़ा। उसके बाबजूद बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी न केवल इमाम से मिल रही है बल्कि उनका पूरा साथ निभा रही है। जब यह सारे मामले सामने आए तो लोगों को सुश्री ममता की असलियत भी दिखाई देने लगी है कि कैसे बांग्लादेशी व रोहिंग्या देश में लगातार आ रहे हैं। यही नहीं पाकिस्तानी आतंकी संगठन भी यहां सक्रियता कैसे बनाए हुए है।

# शादी से एक सप्ताह पहले ही दुल्हन लापता रिपोर्ट दर्ज

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** निकाह से 7 दिन पहले शादी के समान को खरीददारी करने गई दुल्हन का कार सवार 3 युवकों द्वारा अपहरण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। 2 दिन पहले दुल्हन बाजार में समान खरीदने गई और फिर नहीं लौटी। एएसपी० ऋजुल कुमार का कहना है कि 3 आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। पुलिस युवती का पता लगाने में जुटी है। प्राप्त विवरणनुसार

बुलंदशहर कोतवाली देहात क्षेत्र के एक गांव युवती का 24 अप्रैल को निकाह होना तय हुआ था। बारात हापुड़ से आनी थी। 17 अप्रैल की शाम युवती शादी का सामान खरीदने के लिये बाजार गई थी। देर रात तक युवती जब घर वापस नहीं लौटी तो परिजन परेशान हो गए। युवती को काफी तलाशा लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं मिला। गत दिवस गांव के कुछ लोगों ने युवती का अपहरण किए जाने की जानकारी उसके पिता को दी। बताया गांव का आदिल पुत्र इकबाल अपने अन्य दो साथियों के साथ युवती को जबरन कार में डालकर ले गया। जैसे ही आरोपी का पता चला युवती के परिजन आरोपी के घर पहुंच गए। आदिल घर से फरार था उन्होंने आदिल के परिजनों से उसकी जानकारी मांगी। आरोपी आदिल के पिता ने पीड़ित पिता को आश्वासन दिया जैसे ही आदिल की जानकारी मिलेगी सूचना दी जाएगी।

# ई केवाईसी नहीं हुआ तो राशन कार्ड धारक हो जाएंगे वंचित: पूर्ति निरीक्षक

**बुलंदशहर** शिकारपुर पूर्ति निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया की राशन कार्ड धारकों को सूचित किया जाता है की अगर यूनिटों की केवाईसी करने की प्रक्रिया इस वक्त चल रही है अगर किसी राशन कार्ड धारक के द्वारा केवाईसी नहीं कराई जाती है तो वह राशन लेने से पूर्ण रूप से वंचित हो जाएगा जिसकी जिम्मेदारी राशन कार्ड धारक की स्वयं होगी जिन लोगों के राशन कार्ड में यूनिट बढ़नी है वह भी अपने राशन कार्ड की केवाईसी कर ले जिससे कि उसको राशन का लाभ मिल सके और समय रहते हुए राशन कार्ड धारक की केवाईसी हो सके अगर राशन कार्ड धारक केवाईसी कराने में लापरवाही करता है तो वह राशन लेने से वंचित पूरी तरह से हो जाएगा और जिसकी जिम्मेदारी खुद की होगी शिकारपुर पूर्ति निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह का कहना है बार-बार कहने के बाद भी राशन कार्ड धारक अपनी केवाईसी नहीं करा रहे हैं।

# बांसवाड़ा - कपिल-केदारेश्वर प्रतिष्ठा महोत्सव

वेलकम इंडिया

**बाँसवाड़ा,** 19 अप्रेल/बांसवाड़ा शहर के सिंहवाव क्षेत्र स्थित श्री कपिल गणेश एवं श्री केदारेश्वर महादेव मन्दिर के 3 दिवसीय पुनर्प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठा प्रयोग विधि-विधान से हुए। प्रतिष्ठा अनुष्ठानों के दर्शन तथा यज्ञ मण्डप की परिक्रमा कर पुण्य लाभ पाने के लिए दिन भर भक्तों का आवागमन बना रहा। ये सभी अनुष्ठान प्रधान आचार्य पं. पंकज पण्ड्या एवं पं. भावेश पण्ड्या तथा प्रतिष्ठा आचार्य पं. यज्ञनारायण पण्ड्या और उपाचार्य पं. कमलकान्त पण्ड्या, प्र. प्रदीप भट्ट आदि के निर्देशन एवं आचार्यत्व में हुए। महोत्सव के अन्तर्गत शनिवार को शुक्रवार को विंध्यवासिनी अष्टमी मण्डल एवं प्रदोष मण्डल और अन्य मण्डलों के पण्डितों की ओर से रूद्रार्चन महानुष्ठान किया। इसमें पं. हर्षवर्धन व्यास एवं पं. प्रदीप मुरलीधर भट्ट के आचार्यत्व में हुए विविध दिव्य



एवं दैवीय अनुष्ठानों में पं. महेन्द्र पाठक, अक्षय पंड्या, ईश्वरदास वैष्णव, अरविंद पाठक, नरहरि एच. भट्ट, पंकज रामेश्वर पंड्या, सुभाष भट्ट, भरत व्यास, मुकेश पाठक, अशोक चौबीसा, शरद व्यास, जगदीश वैष्णव, दिनेश जोशी आदि पण्डितों ने हिस्सा लिया और वागड़ की वैदिक परम्परा के अनुसार रूद्र ऋचाओं से रूद्रार्चन किया। शनिवार को नवनिर्मित प्रासादों का वास्तु विधान हुआ। इनमें कपिल गणेश प्रासाद वास्तु विधान अनन्त जोशी तथा केदारेश्वर प्रासाद वास्तु शरद व्यास तथा परिवार ने किया। इसके साथ ही श्री कपिल गणेश एवं श्री केदारेश्वर महादेव की प्राचीन प्रतिमाओं के साथ ही शिव जलाधारी, श्री शीतला माता, पार्वती, श्री हनुमानजी, नंदी, रिद्धि-सिद्धि आदि विभिन्न दैव प्रतिमाओं, कलश, शिखर कलश, ध्वज दण्ड आदि का जलाधिवास, धान्यादिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, धूपादिवास, घृताधिवास आदि समस्त अधिवास विधान पूर्ण किए गए। विभिन्न अधिवासों के उपरान्त शैय्याधिवास विधान किया गया। दैव प्रतिमाओं के विविध अधिवासों के दौरान सभी यजमानों ने वैदिक ऋचाओं एवं पौराणिक मंत्रों से पूजन-अर्चन के विधान सम्पन्न किए। इससे पूर्व शनिवार प्रातः स्थापित देवताओं के पूजन के उपरान्त प्रतिष्ठा हवन, वैदिक पद्धति से रूद्रयाग, दिक्षु होम, तत्त्व न्यास आदि हुए। महोत्सव के प्रतिष्ठा अनुष्ठान एवं नौकुण्डीय यज्ञकर्म के मुख्य यजमान पूर्व सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी सहित यजमान परिवारों में सम्मिलित देवेश त्रिवेदी, डिम्पल त्रिवेदी, संतोष त्रिवेदी, सुभाष त्रिवेदी, प्रज्ञा जोशी, अनन्त जोशी, प्रतिभा जोशी, हेमन्त जोशी, महादेवी जोशी, देवकीनंदन जोशी, विमला सनाढ्य, अमृतलाल सनाढ्य, चार्वी भट्ट, अचल भट्ट, अंतिम पण्ड्या, दीपेश पण्ड्या, स्वाति व्यास, शरद व्यास, पुष्पादेवी भट्ट, रिया जोशी, वार्तिक जोशी आदि ने वैदिक रूद्र ऋचाओं से यज्ञार्चन एवं विभिन्न अनुष्ठानों में परिवार सहित भाग लिया।

# पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ राष्ट्रपति शासन की मांग, सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** हिंदू समाज मोदीनगर के एक संकल्पित प्रतिनिधिमंडल ने संपूर्ण समाधान दिवस पर एक ज्ञापन सौंपकर पश्चिम बंगाल में संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि मुर्शिदाबाद जिले में हिंदू समाज पर हो रहे योजनाबद्ध जिहादी हमलों, मंदिरों के विध्वंस, और महिलाओं पर अत्याचारों के खिलाफ उठाया गया है, जहां राज्य सरकार की निष्क्रियता ने हिंदुओं को भय और असुरक्षा के माहौल में जीने को मजबूर कर दिया है। ज्ञापन में मुर्शिदाबाद की हिंसक घटनाओं का ज्वलंत विवरण देते हुए राज्य सरकार की संवैधानिक विफलता को उजागर किया गया है। हिंदू समाज मोदीनगर ने चेतावनी दी है कि यदि केंद्र सरकार ने तुरंत हस्तक्षेप नहीं किया तो यह संकट राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए गंभीर खतरा बन जाएगा। हिंदू समाज मोदीनगर हिंदुओं की सुरक्षा और भारत माता की गरिमा की रक्षा के लिए दृढ़संकल्प है। जब तक पश्चिम बंगाल में शांति और न्याय स्थापित नहीं होता, हमारा यह आंदोलन और तेज होगा। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से प्रेमस्वरूप शुक्ला, मीरा शुक्ला, सचिन गर्ग, राज वर्मा, फकीर चंद, अरुण कुमार एडवोकेट, कविता चौधरी, सीमा शर्मा, धर्मचन्द शर्मा, वीना चौधरी, फौजी संगठन से बृजपाल सिंह, जिले सिंह, धीरेंन शर्मा, चंद्रपाल सिंह आदि अन्य बहुत से हिंदू समाज के मुख्य चेहरे उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत निवाड़ी की बोर्ड बैठक में 18 करोड़ के प्रस्ताव पारित हुए



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पंचायत निवाड़ी की बोर्ड बैठक में क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 18 करोड़ के प्रस्ताव पास किए गए। नगर पंचायत निवाड़ी की बोर्ड बैठक में समस्त सभासद गण, अध्यक्ष अनिल त्यागी, अधिशासी अधिकारी डॉ शैलेंद्र कुमार सिंह, लिपिक तेजवीर सिंह, नितिन त्यागी उपस्थित रहे। नगर पंचायत निवाड़ी की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पास हुआ। इसमें अंकल 18 करोड़ का बजट पास हुआ। यह बजट पढ़कर सुनाया गया। जिसमें सभासद गण द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया। नगर पंचायत निवाड़ी के अध्यक्ष अनिल त्यागी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाएगी सभी के क्षेत्र से क्षेत्र का समुचित विकास किया जाएगा।

# उड़ान पुरस्कार वितरण समारोह 27 अप्रैल को

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के नेशनल इंटर कॉलेज मूडाडिहाबेग में 27 अप्रैल को उड़ान पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जायेगा। उक्त जानकारी पैराडाइस कोचिंग क्लासेज के डायरेक्टर और आयोजक मुहम्मद अहमद ने दी।

## होमगार्डस सहायक कंपनी कमांडर करंट लगने से घायल

**शिकारपुर।** खुर्जाझशिकारपुर रोड पर आंचरु कलां गांव के पास बिजली के खंबे में उतरे करंट की चपेट में आकर होमगार्डस सहायक कंपनी कमांडर विनोद गुप्ता घायल हो गए हैं। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों पर शिकायत किए जाने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है।

शिकारपुर कोतवाली में तैनात होमगार्डस सहायक कंपनी कमांडर विनोद गुप्ता आंचरु कलां गांव में इंटर कालेज के सामने से होकर गुजर रहे थे। सड़क पर खड़े बिजली के खंबे में उतरे हुए करंट की चपेट में वह आ गए। जिससे करंट लगने से वह दूर जाकर गिरे और घायल हो गए। घायल विनोद गुप्ता ने बताया कि इसके बाद उन्होंने अवर अभियंता और संविदा कर्मी लाइनमैन राजकुमार को बिजली के खंभे पर उतर रहे करंट की बाबत जानकारी दी। आरोपित है कि संविदा कर्मी लाइन ने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि संबंधित बिजली खंबा के ट्रांसफार्मर पर तार दूसरे तार से छू गए थे। इस कारण बिजली के खंबे में करंट उतर आया था, जिसे सही कर दिया गया है।

## दो जगह पर लाठी डंडे चले, दो युवक घायल

**शिकारपुर।** कोतवाली शिकारपुर क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह पर चले लाठी डंडों में दो युवक घायल हो गए हैं। दोनों ही मामलों में पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है। पहली घटना, शिकारपुर महमूदपुर रोड की है। डेरी पर दूध देकर लौट रहे शिकारपुर की नट कालोनी निवासी युसूफ खान पुत्र सिराजुद्दीन को आधा दर्जन युवकों ने लाठी डंडों से लेस होकर घेर लिया और जमकर पीटा। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में घायल युसूफ खान द्वारा चार हमलावरों को नामजद करते हुए सात हमलावर युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। घायल को उपचार हेतु शिकारपुर अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

दूसरा मामला, हलपुरा गांव का है। सुमित मीणा पुत्र जयपाल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है कि उसके सड़क के किनारे खेत पर उसके भाई राकेश को अज्ञात लोगों ने लाठी डंडों से जमकर पीटा। बेहोशी की हालत में मिले राकेश को उपचार हेतु अस्पताल ले जाया गया है। घायल राकेश के भाई द्वारा अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# डॉ भीमराव अंबेडकर का सम्मान अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन हुआ

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला कार्यशाला का आयोजन मुख्य अतिथि रमेश चंद्र रतन पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भाजपा अभिनव प्रकाश राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा की गरिमा में उपस्थित एवं भाजपा जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश चंद्र रतन ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने जानकारी दी। बाबा साहब ने भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार किया। भारत के सभी नागरिकों के लिए न्याय स्वतंत्रता समानता बंधुत्व एक समान हो सके। मुख्य अतिथि अभिनव प्रकाश ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की बाबा साहब भारतीय इतिहास में एक महान व्यक्तित्व है भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार होने से लेकर दलित वर्गों के लिए समानता और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने तक भारतीय समाज में उनके अपार योगदान को हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह निवर्तमान जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल जिला महामंत्री राजेंद्र वाल्मीकि जितेंद्र चित्तौड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किया। मुख्य रूप से विजय भाटी आरती मिश्रा विपिन मावी सचिन जांगड़ा प्रदीप गहलोत कोमूदी चौधरी आकाश गौतम राहुल बैसला जयवीर जिले सिंह मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्रा जितेंद्र गुप्ता राहुल श्याम सुंदर मनीष चौहान अश्वनी कुमार सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता बंधु एवं आमजन उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर आई 45 शिकायतों में से तीन का मौके पर हुआ निस्तारण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** तहसील मुख्यालय पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर आई 45 शिकायतों में से तीन का मौके पर निस्तारण हूआ। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी विवेक मिश्र ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण समयान्तराल में निष्पक्ष एवं पूर्ण गुणवत्तापूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस पर अपर जिलाधिकारी विवेक मिश्र, एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय, तहसीलदार रजत सिंह सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 45 शिकायत प्राप्त हुई और 03 का मौके पर निस्तारण हुआ। अपर जिलाधिकारी विवेक मिश्र ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि समस्याओं के निस्तारण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर दिया धरना, ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर, (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन (किसान सभा) के कार्यकताओं ने किसानों की समस्याओं को लेकर तहसील मुख्यालय पर धरना दिया और एक ज्ञापन संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों को सोपा।

भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पर पहुंचे और किसानों से संबंधित समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर धरना दिया और एक ज्ञापन संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों को सोपा। ज्ञापन में कहा गया है कि किसानों को गन्ने का भुगतान समय पर कराया जाए, किसानों को प्रतिदिन निर्धारित बिजली की आपूर्ति की जाए, रजवाह की पटरी टूटने के कारण पानी भर जाने से किसानों की गन्ने तथा गेहूं की फसल के नुकसान का मुआवजा दिया जाए, आवारा पशुओं से किसानों को निजात दिलाई जाए आदि समस्याओं का निराकरण किया जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अरुण कसाना, सतेन्द्र त्यागी, गौरव त्यागी, गौरव शर्मा, हरिओम त्यागी, दुष्यंत त्यागी, आकाश त्यागी, अकरम अली, आजाद, इंतजार आदि कार्यकर्ता थे।

# बागपत के विपुल जैन हुए द ग्रेट इंड़ियन अवार्ड 2025 से पुरस्कृत

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित 5 स्टार होटल में द ग्रेट इंड़ियन अवार्ड समारोह 2025 का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देभभर की जानी-मानी हस्तियों ने शिरकत की। अवार्ड समारोह में अन्तर्राष्ट्रीय अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को हिमाचल प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक डीजीपी व नेशनल डिजास्टर रेस्पांस फोर्स एनडीआरएफ के डीजी सीनियर आईपीएस ऑफिसर संजय कुमार द्वारा द ग्रेट इंड़ियन अवार्ड 2025 से पुरस्कृत किया गया। विपुल जैन को यह पुरस्कार उनके समाजसेवी कार्यो, अपने प्रोफेशन के माध्यम से समाज में छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने, जरूरतमंदों की मद्द करने, लोगों को न्याय दिलाने व साम्प्रदायिक सौहार्द में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए प्रदान किया गया। विपुल जैन ने पत्रकारिता की शुरूआत वर्ष 2002 में की। वर्ष 2014 में उनको समाजहितैषी व पत्रकारिता क्षेत्र में किये गये सराहनीय कार्यो के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। वर्ष 2015 में विपुल जैन को महामहिम राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी द्वारा नई दिल्ली में सम्मानित किया गया।

# संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम परिसर में आयोजित भव्य सम्मान समारोह मे 70 से अधिक प्रतिष्ठित नागरिक हुए सम्मानित

वेलकम इन्डिया: नितिन शर्मा



**धामपुर :** धामपुर कालागढ़ मार्ग स्थित संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम में आयोजित सम्मान समारोह में नगर के प्रतिष्ठित नागरिकों तथा दो दिवसीय श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव एवं 20 वे वार्षिक उत्सव मे सक्रिय एवं समर्पित योगदान देने वाले सेवादारों को जय जयकार के बीच सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले लगभग 70 से अधिक पुरुषों एवं महिलाओं में नगर के धार्मिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता रखने वाली तीन रस्तोगी बहने कृतिका रस्तोगी, रिद्धि रस्तोगी एवं सिद्धि रस्तोगी भी शामिल रही। इस अवसर पर महंत राहुल अग्रवाल महाराज तथा मंचासीन सभी अतिथियों ने दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के संस्थापक डॉ आदित्य अग्रवाल के तीसरे वार्षिक पंचांग का संयुक्त रूप से विमोचन भी किया संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह का शुभारंभ मंच पर आसीन मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता वरिष्ठ साहित्यकार दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान के संस्थापक डॉ आदित्य अग्रवाल हिंदू युवा वाहिनी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह धाम के संस्थापक एवं संरक्षक विजेंद्र कुमार गोयल समाजसेवी अशोक कुमार अग्रवाल होंडा एवं लक्ष्मी नारायण अग्रवाल समाज सेवी चिकित्सक डॉक्टर ए के सक्सेना धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण कुमार अग्रवाल आर्किटेक्ट अनिल कुमार पाल आदि ने पारंपरिक जयकारों के सामूहिक उद्घोष के साथ किया इन सभी अतिथियों को धाम के महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज के संरक्षण में दरबार के प्रति समर्पित रहने वाले अनेक नागरिकों ने विशेष रूप से तैयार कराए गए पटके पहनाकर सम्मानित भी किया गया मंच पर आसीन अतिथियों ने समसामयिक विचारों के माध्यम से इस धार्मिक स्थल की उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित अनेक प्रदेशों में मच रही धूम तथा धाम के महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज की निरंतर बढ़ती हुई लोकप्रियता की बिंदु बार विस्तार से चर्चा करते हुए भावी कार्यक्रमों में भी उपस्थित श्रद्धालुओं से अपना सहयोग एवं योगदान बनाए रखने का आवाहन किया। कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले प्रतिष्ठित नागरिकों में प्रमुख रूप से हरिश्चंद्र सैनी कैटर्स, अनंत नंदन रस्तोगी, सचिन सहरावत, टीकाराम जैन, सभासद मनोज गोयल, सतीश कुमार राणा, जगदीश लाल अरोड़ा, आर के आर्य एडवोकेट श्रीनिवास संजीव अग्रवाल, दिनेश शर्मा, ओम फार्म हाउस संचालक अभिषेक गुप्ता, सचिन कौशिक, अमित गुप्ता, प्रीतम सिंह सैनी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील कुमार, मनोज रस्तोगी, प्रवेश कुमार मिश्रा, सत्येंद्र कुमार शर्मा, सर्वेश कुमार गिरी आदि मौजूद रहे।

## कार्यकर्ताओं का उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# कार्यकर्ताओं के ही बल पर केंद्र और प्रदेश में भाजपा सरकार :संजय गुप्ता

वेलकम इंडिया



**नैनी प्रयागराज**/नैनी लोकपुर में चकभटाई पार्षद मयंक यादव के निवास पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता का स्वागत और अभिनंदन किया गया।

संजय गुप्ता ने कहा कि कार्यकताओं का सम्मान रखा जाएगा कार्यकताओं का उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी.कार्यकताओं की ही बल पर केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड हैं उनकी अपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।नैनी क्षेत्र को अपराध मुक्त करने के लिए और अपराधियों में भय पैदा करने के लिए शीघ्र ही नैनी के प्रत्येक पोल पर लगे सीसी कैमरे सुसज्जित किया जाएंगा जिससेअपराध पर अंकुश लगाने मे मदद मिलेगी।स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से पार्षद मयंक यादव, संजय श्रीवास्तव, सरदार पतविन्दर सिंह, परमात्मा सिंह, सत्यम शुक्ला, रजत दुबे, नीरज शर्मा, सुधीर प्रजापति, राज सिंह, आकाश यादव, प्रदीप तिवारी, शिवदानी सिंह, गणेश पाण्डेय, उमेश सेन, सुनील विश्वकर्मा, मोहित अग्रहरि, सुनील कुशवाहा, पंकज तिवारी, ओमप्रकाश मिश्र, उमेश सेन आदि भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस

# जिलाधिकारी ने दिए शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शासनादेश के तहत माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत जिले की तीनों तहसीलों लोनी, मोदीनगर और सदर में जनसमस्याओं की सुनवाई और समाधान की प्रक्रिया पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। लोनी तहसील में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुईं। मौके पर ही दो शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए यह भी कहा कि समाधान के उपरांत शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेना सुनिश्चित किया जाए। समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने बंथला, लोनी में नव निमार्णाधीन तहसील भवन का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, मोदीनगर तहसील में एडीएम (एल/ए) विवेक मिश्र की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर एसडीएम, एसीपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सदर तहसील में एसडीएम अरुण दीक्षित की अध्यक्षता में समाधान दिवस संपन्न हुआ। कुल 38 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 6 मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार रवि, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तीनों तहसीलों में समाधान दिवस के दौरान कुल 137 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का समाधान गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनता का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। समाधान दिवस के इस आयोजन ने यह साबित किया कि प्रशासन आमजन की समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और उन्हें हल करने के लिए जिम्मेदार और तत्पर प्रयास कर रहा है।

# एमएमजी अस्पताल को 200 बेड की नई सुविधा से शहर को मिलेगा लाभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विकास की दिशा में विधायक संजीव शर्मा की सक्रियता लगातार चर्चा में बनी हुई है।

शहर की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए वे जनता दरबार लगाकर समाधान की दिशा में ठोस कदम उठा रहे हैं। शहर की मूलभूत जरूरतों को लेकर उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से झलक रही है।

हाल ही में उन्होंने अपनी विधायक निधि से शहर के प्रमुख चौराहों और सड़कों को हाई मास्क लाइटों से रोशन किया है, जिससे रात के समय आवागमन में सुविधा बढ़ी है और सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। अब उनके प्रयासों से गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में 200 बेड की नई व्यवस्था की जा रही है, जिससे आम जनता को स्वास्थ्य सेवाओं का बेहतर लाभ मिलेगा। लगभग 80 करोड़ की लागत से एमएमजी अस्पताल की नई बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा, जो भविष्य की जरूरतों के अनुरूप सुविधाओं से लैस होगी। इस नए भवन में आगंतुक कक्ष, सभागार, कॉन्फ्रेंस रूम, कार्यालय, प्रयोगशालाएं, टेलीफोन एक्सचेंज, लाइब्रेरी, लेक्चर हॉल, कैन्टीन और रसोई जैसे कई अत्याधुनिक संसाधनों को विकसित किया जाएगा। इतना ही नहीं, अधिकारियों के रेस्ट रूम, स्टोरेज, पार्किंग, आवासीय व अनावासीय प्रखंड, प्रशासनिक भवन, क्रीड़ा स्थल, मॉर्चरी, पुलिस स्टेशन, एसटीपी, ईटीपी और वॉच टावर जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी नवनिर्माण के तहत मजबूत की जाएंगी। अस्पताल परिसर में सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, फायर फाइटिंग मैकेनिज्म और ग्रीनरी बेल्ट का विकास भी प्रस्तावित है। इस पूरे प्रोजेक्ट के लिए नियोजन विभाग की निगरानी में एक विशिष्ट टीम का गठन किया जा रहा है, जो प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आर्किटेक्चरल डिजाइन और 3डी मैपिंग जैसे कार्यों को पूरा कर डीटेल्ड एक्शन प्लान तैयार करेगी। संजीव शर्मा, जिन्होंने भाजपा महानगर अध्यक्ष के रूप में पांच वर्षों तक सफल कार्य किया, अब एक जनप्रतिनिधि के रूप में भी शहर के विकास के लिए बेहतरीन भूमिका निभा रहे हैं।

## साइड न देने पर कार सवार दबंगों ने युवक की पिटाई

**गाजियाबाद।** गोविंदपुरी से कादराबाद की ओर जा रही एक कार, और उसमें सवार अमरीश आर्य, जिनका कसूर सिर्फ इतना था कि वह अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे थे। लेकिन गाजियाबाद की सड़कों पर साइड न देना अब जानलेवा अपराध बन चुका है। एक अज्ञात कार सवार ने न सिर्फ अमरीश के साथ गाली-गलौज की, बल्कि लात-घूंसे और डंडों से उनकी ऐसी पिटाई की, मानो सड़क पर इंसानियत का कोई वजूद ही न हो। यह रोडरेज की घटना नहीं, बल्कि हमारे समाज में बढ़ती असहिष्णुता और गुंडागर्दी का खौफनाक चेहरा है।

अमरीश आर्य, गांव कादराबाद के रहने वाले और पेशे से कार चालक, उस रात अपने घर लौट रहे थे। गोविंदपुरी के रास्ते में उनकी कार चल रही थी, तभी पीछे से आई एक दूसरी कार ने उन्हें साइड देने को कहा। अमरीश ने बताया, मैंने सामान्य रफ्तार में गाड़ी चला रखी थी, लेकिन पीछे वाले को शायद जल्दी थी। उसने अचानक गाली-गलौज शुरू कर दी।

# एक राष्ट्र - एक चुनाव के समर्थन में विशाल पदयात्रा का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सामाजिक संस्था ₹मानवता की ओर एक कदम₹ के तत्वावधान में आज दिनांक 19 अप्रैल 2025, दिन शनिवार को ₹एक राष्ट्र - एक चुनाव₹ के समर्थन में एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा शाम 4 बजे शहीद भगत सिंह घंटाघर से प्रारंभ होकर चौपला से होते हुए दुर्गा भाभी चौक से निकलकर शहीद पथ नवयुग मार्केट तक संपन्न हुई। पदयात्रा समापन होने से पूर्व वक्ताओं ने अपने संबोधन के माध्यम से एक राष्ट्र एक चुनाव की अपील संदेश दिया। इस अवसर पर सामाजिक नागरिक के रूप में मुख्य वक्ता मयंक गोयल ने कहा ₹यह मुद्दा किसी दल विशेष का नहीं, बल्कि भारत के प्रत्येक नागरिक का है। अलग-अलग चुनावों से न केवल समय और धन की बबार्दी होती है, बल्कि विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। हम सभी एकजुट होकर केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि इस नीति पर शीघ्र कार्यान्वयन हो। इस पदयात्रा का नेतृत्व संस्था के समन्वयक सरदार एसपी सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने कहा ₹यह सिर्फ एक चुनाव प्रणाली नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की सहूलियत और राष्ट्र की आर्थिक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'एक राष्ट्र - एक चुनाव' से न केवल संसाधनों की बचत होगी, बल्कि शासन की निरंतरता भी बनी रहेगी। यह देश के सुनहरे भविष्य की ओर एक सार्थक प्रयास है। पदयात्रा में गाजियाबाद के प्रमुख चेहरों सहित अनेक सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और ठऋड प्रतिनिधियों ने भाग लिया। शहर के मुख्य बाजार से पदयात्रा गुजरने के दौरान बाजार में व्यापारियों एवं नागरिकों ने मयंक गोयल और सरदार एसपी सिंह सहित सभी पदयात्रा में शामिल लोगों का स्वागत अभिनंदन करते हुए अपना भरपूर समर्थन दिया। मयंक गोयल अध्यक्ष के रूप में शहर के मुख्य बाजार में प्रथम आगमन पर व्यापारियों ने आतिशबाजी कर पुष्पवर्षा से शानदार स्वागत अभिनंदन किया। वन नेशन वन इलेक्शन के समर्थन में पदयात्रा के दौरान मयंक गोयल, सरदार एसपी सिंह, सुरेन्द्र नागर, पार्षद राजीव शर्मा, राजीव अग्रवाल, प्रदीप चौधरी, अशोक भारतीय, विनीत शर्मा, प्रीति चंद्रा, साक्षी नारंग, नीरज त्यागी आदि रहे।






## राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद में किया जायेगा रोजगार मेले का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद ने प्रेस वि?ज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि निदेशक प्रशिक्षण एंव सेवायोजन, उ०प्र०, लखनऊ के निदेर्शों के क्रम में दिंनाकः 21-04-2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गाजियाबाद में (स्थित मुरादनगर) में रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा, जिसमें गाजियाबाद एवं एन०सी०आर० क्षेत्र के अधिष्ठानों में आई०टी०आई० उत्तीर्ण / अन्य टैक्नीकल प्रशिक्षार्थियों को रोजगार हेतु चयनित किया जायेगा। चयनित प्रशिक्षार्थियों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार वेतन प्राप्त होगा। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाईटः लिंक पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। अभ्यथीर्यों की सुविधा हेतु संस्थान में भी पंजीकरण हेतु हैल्प डेस्क स्थापित हैं, जिसके द्वारा अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करा सकते हैं।

## बस स्टैंड के पास से दो वाहन चोर गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना लोनी पुलिस ने चेकिंग के दौरान शनिवार को इंद्रापुरी दो नंबर बस स्टैंड के पास से दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनसे दिल्ली के गांधी नगर क्षेत्र से चुराई गई बाइक बरामद हुई है। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि बॉर्डर थाना पुलिस इंद्रापुरी दो नंबर बस स्टैंड के पास से वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने एक बाइक पर सवार दो युवकों को चेकिंग के लिए रोका। जांच में बाइक चोरी की होने का पता चला।

## वन नेशन-वन इलेक्शन के समर्थन में व्यापार मंडल ने महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**गाजियबाद।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, प्रताप विहार, गाजियाबाद की ओर से वन नेशनझवन इलेक्शन की अवधारणा के समर्थन में एक हस्ताक्षरित पत्र महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा गया। यह कार्यक्रम व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वन नेशन वन इलेक्शन के समन्वयक सरदार एसपी सिंह और मुख्य वक्ता के रूप में मयंक गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। व्यापार मंडल का मानना है कि बार-बार चुनाव होने से देश की विकास गति प्रभावित होती है और संसाधनों की अनावश्यक बबार्दी होती है। एक देशझएक चुनाव की नीति देश को स्थायित्व, मजबूती और तेज विकास प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। ज्ञापन में महामहिम राष्ट्रपति से आग्रह किया गया कि इस नीति को साकार रूप देने के लिए शासन-प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएँ ताकि देश को विकास के पथ पर और तेजी से अग्रसर किया जा सके। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे जिनमें कोषाध्यक्ष अमित वर्मा, महामंत्रीः अनिल कुमार, उपाध्यक्षः सचिन यादव, सदस्यः सुनील यादव, अनिल वर्मा (राधिका ज्वेल्र्स), जगदीश (ज्वेल्र्स) प्रमुख रहे। व्यापार मंडल द्वारा यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि व्यापार जगत देशहित में इस पहल का पूरा समर्थन करता है।

## बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में जोरदार प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में शनिवार सुबह मोहन नगर मंदिर पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने ममता सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कुछ देर के लिए मोहन नगर चौराहे पर जाम भी लगाया और डीसीपी ट्रांस हिंडन को ज्ञापन भी दिया।



## बिना फिटनेस के सड़कों पर दौड़ रहे हजारों वाहन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में 35,000 ई रिक्शा अवैध तरीके से चल रहे हैं पंजीकृत 25000 में से भी 10345 की खरीदने के बाद दोबारा फिटनेस जांच नहीं कराई गई जबकि नया ई रिक्शा खरीदने के बाद दोबारा फिटनेस जांच 2 साल बात करनी पड़ती है।

खरीदने के तीसरे साल से हर साल फिटनेस जांच करने का नियम है ऐसे में पंजीकृत सभी ई रिक्शा में सफर करना लोगों के लिए सुरक्षित नहीं है। अधिकांश का बीमा भी नहीं कराया गया आज से जैसी स्थिति में कौन जिम्मेदार होगा इसको लेकर जिम्मेदार अपना पल्ला झाड़ रहे हैं अनफिट की संख्या को जोड़कर अवैध ई रिक्शा की संख्या बढ़कर इस समय लगभग 45000 से ज्यादा है। 18 दिन गुजारने के बाद अब तक महज 118 को परिवहन निगम के अधिकारी सीज कर सके हैं। इसके अलावा 84 ई रिक्शा पुलिस में सीज की है। वहीं 308 के खिलाफ चालान के कार्रवाई की गई है ऐसी स्थिति में ई रिक्शा चालकों की मनमानी पर लगाम लगाना मुश्किल है फिर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने की वजह से ई-रिक्शा चालकों को मनमानी बढ़ती जा रही है हालत यह है कि लोगों का सड़क पर निकलना मुश्किल रहता है सड़क पर अंबेडकर रोड हापुर चुंगी विजयनगर पुराना नया बस अड्डा मेरठ रोड रहा साहिबाबाद बस अड्डा लोनी तेरा मोदीनगर मुरादनगर रैपिड रेल स्टेशन मोदीनगर राज चोपड़ा मसूरी आदि स्थानों पर ई रिक्शा के झुंड हर वक्त खड़े रहते हैं पहले सवारी बढ़ाने के चक्कर में कई बार हादसे होते हैं तो हर वक्त जाम की स्थिति बनी रहती है।

# नोएडा में अवैध ई-रिक्शा और अनधिकृत वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई



वेलकम इंडिया

### 1484 चालान और 634 वाहन किए गए सीज

**नोएडा।** प्रदेश में चल रहे अवैध एवं अपंजीकृत ई-रिक्शा के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आज 19वें दिन जनपद नोएडा में भी सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान का पर्यवेक्षण आरटीओ प्रवर्तन गाजियाबाद के डी. सिंह द्वारा किया गया। डी. सिंह ने नोएडा की प्रवर्तन टीमों का नेतृत्व करते हुए कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत केवल ई-रिक्शा ही नहीं, बल्कि अन्य अनधिकृत वाहनों के विरुद्ध भी सख्ती बरती जाए। उल्लेखनीय है कि संभाग गाजियाबाद में अब तक इस अभियान के अंतर्गत कुल 1484 वाहनों का चालान किया जा चुका है, जबकि 634 वाहनों को विभिन्न कानूनी धाराओं में जब्त किया गया है। यह युद्धस्तर पर चल रहा अभियान आगामी 30 अप्रैल तक बिना रुके जारी रहेगा।

# कैमकुस केंद्र में हैंड-वॉश और फिनायल बनाने की ट्रेनिंग



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कैमकुस नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में नशा छोड़ चुके लाभार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल के तहत शनिवार को वोकेशनल ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा संचालित इस केंद्र में लाभार्थियों को हस्तकला और कुटीर उद्योगों से जोड़कर स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। संस्थान के अनुभवी ट्रेनर आशीष कुमार मौर्य ने केंद्र में भर्ती लाभार्थियों को हैंड-वॉश और फिनायल बनाने की व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों को केवल निर्माण की प्रक्रिया ही नहीं सिखाई गई, बल्कि उन्हें सावधानियों, कच्चे माल की खरीद, लागत निर्धारण, पैकेजिंग, बिक्री प्रक्रिया और इससे होने वाले संभावित लाभ के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य लाभार्थियों को स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानजनक जीवन जीने योग्य बनाना रहा। इस प्रकार की पहल न केवल आर्थिक रूप से उन्हें सशक्त बनाती है, बल्कि मानसिक रूप से भी उन्हें मजबूती प्रदान करती है, जिससे पुनर्वास की प्रक्रिया को और प्रभावशाली बनाया जा सके।